26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शनिवार, 1 अगस्त, 2026
अंक- 278 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में पहलगाम जैसा हमला

## आतंकियों ने ईंट-भट्ठा मजदूरों के नाम पूछे, दो को अलग करके गोली मारी, मौत

**श्रीनगर ( एजेंसी/चिंगारी )।** दक्षिण कश्मीर के कुलगाम में शुक्रवार रात करीब 8:30 बजे पहलगाम जैसा हमला हुआ। आतंकवादियों ने ईंट-भट्ठे पर काम कर रहे दो मजदूरों को नाम पूछकर गोली मार दी। दोनों मृतक छत्तीसगढ़ के रहने वाले थे। हमले में एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, दूसरे ने आज सुबह श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (SKIMS) में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मारे गए युवकों की पहचान 24 साल के दीपक रात्रे और 28 साल के भूपेंद्र के रूप में हुई है। अधिकारियों के अनुसार, हमला कुलगाम से करीब 20 किलोमीटर दूर केलाम में हुआ। स्थानीय लोगों के मुताबिक, उन्होंने 10-12 राउंड फायर की आवाज सुनी। घटना के समय वहां कई प्रवासी मजदूर थे। इस हमले के बाद घटनास्थल के चारों तरफ करीब दो किलोमीटर का इलाका सील कर दिया गया है। आतंकियों की तलाश की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि एक बाइक पर दो आतंकी आए थे। इनके लश्कर की विंग द रेजिस्टेंस फ्रंट के होने का अनुमान है। दरअसल, टीआरएफ नॉन लोकल को निशाना बनाता रहा है।

## वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर दिल्ली में 192 रुपये सस्ता

नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )। तेल विपणन कंपनियों ने आज से 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक रसोई गैस ( एलपीजी ) सिलेंडर की कीमतों में कटौती की है। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, दिल्ली में एक अगस्त से वाणिज्यिक एपलीजी सिलेंडर 2,930 रुपये की जगह 2,738 रुपये का मिलेगा। इस प्रकार इसमें 192 रुपये की कटौती की गयी है। वहीं, 14 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत 942 रुपये पर स्थिर है।

## पीएम मोदी को अपशब्द कहने वाली छात्रा ने मांगी माफी

### बोली- मुझसे बड़ी गलती हुई, देश माफ करे

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर 23 जुलाई को हुए प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल करने की आरोपी छात्रा का एक माफी वाला वीडियो सामने आया है। वायरल वीडियो में वह खुद को 15 साल की बताते हुए हाथ जोड़कर माफी मांग रही है। उसका कहना है कि वह कनॉट प्लेस घूमने के बाद दोस्तों के साथ प्रदर्शन में गई थी और वहां मौजूद लोगों के प्रभाव में आकर उसने ऐसी बातें कहीं। इस वीडियो की सत्यता की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। वीडियो में वह कहती है कि वह उन लोगों के प्रभाव में आ गई थी और उसने जो कुछ भी कहा वह माफी के लायक नहीं था। उसने इसे अपनी पहली और आखिरी गलती बताते हुए पूरे देश से माफी मांगी और कहा कि उसे खुद पर शर्म आ रही है। यह वीडियो पीएम मोदी के उस बयान के कुछ घंटों बाद सामने आया, जिसमें उन्होंने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर कहा था कि उन्होंने प्रदर्शन के दौरान उन्हें गाली देने वाले छात्रों को माफ कर दिया है।


**मकान बिकाऊ है**

राम के चौराहे के पास, दो मंजिला कॉर्नर का मकान ( दो तरफ रोड ), एरिया-158 वर्ग गज, गैराज के साथ बिकाऊ है। पहली मंजिल दुकान/मकान दोनों के लिये उपयुक्त है।
संपर्क : 9958258800, 9415219530



**आदर्श आयुर्वेदा**
गुप्त रोग घबरायें नहीं उचित इलाज करवायें
धात, सैक्स, नामर्दी, शीघ्रपतन, बेऔलाद, शुक्राणु की कमी
जबर्दस्त मर्दाना ताकत प्राप्त करें।
गठिया, बाय, जोड़ों व घुटनों के पुराने दर्द का आयुर्वेद दवाइयों द्वारा सफल इलाज।
पता- बैराज रोड, निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बिजनौर
मो. 7017484725 बुधवार पूर्ण अवकाश

**Kunwar Satya Vira Degree College, Bijnor**
KSVCEM BIJNOR — COLLEGE CODE-791
Affiliated To Guru Jambheshwar University, Moradabad
Admission Open 2026-27
Courses Offered
- B.B.A
- B.Com (Hons.)
- B.Sc (Hons.) - Maths, Zoology, Botany / Chemistry
- B.Sc (Gen / PCM / ZBC)
- B.A (All Subjects)

Computer Courses
- Basic Computer Courses
- MS Office, Photoshop, CCC
- 'O' & 'A' Level
- Web & Android Development
- Digital Marketing
- E-Commerce

Opposite Government Polytechnic College, Bairaj Road, Bijnor
+91 9411853446



**बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़**
बवासीर PILES भगन्दर FISTULA फिशर FISSURE
इस तकनीक द्वारा यह बीमारी भविष्य में कभी नहीं होती






डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
( गुदा रोग विशेषज्ञ )
प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें
आने से पहले कॉल करें-
Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104
**सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर**
पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया, ड्रोन से जंगलो में की गई निगरानी



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र के मोटा महादेव जटपुरा बाईपास मार्ग पर ग्राम नियामतपुर के जंगल में दो दिन पूर्व गुलदार दिखाई दिया था। कांवड़ यात्रा के दौरान गुलदार के दिखाई देने से वन विभाग की टीम व पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया था। एसडीएम नजीबाबाद शैलेंद्र कुमार ने मोटा महादेव मंदिर पहुंचकर मंदिर के आसपास सहित कोटावाली नदी क्षेत्र तक ड्रोन कैमरे से सुरक्षा व गुलदार की गतिविधियों की निगरानी की। वन विभाग टीम की ओर से नियामतपुर के जंगल में गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया गया है। एसडीएम ने कांवड़ मार्ग पर कावड़ियों के लिए की गई व्यवस्थाओं को जायजा लेते हुए पुलिस व वन विभाग को अलर्ट रहने के लिए निर्देश दिए। एसडीएम के साथ नायब तहसीलदार अमित कुमार, थाना प्रभारी राकेश कुमार मौजूद रहे।




## भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला सेवाराम स्थित नामदेव धर्मशाला में शुक्रवार से सात दिवसीय भव्य श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ हो गया है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। यह आयोजन 31 जुलाई से 6 अगस्त तक चलेगा। इस संगीतमय कथा का वाचन पंडित अमित कौशिक द्वारा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से किया जा रहा है। कथा के प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसके बाद से क्षेत्र में शिवभक्ति का माहौल बना हुआ है। कथा का आरंभ कलश यात्रा के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान भगवान शिव के जयघोष व भजन-कीर्तन से क्षेत्र में भक्तिपूर्ण वातावरण बना रहा। मौहल्ला मुक्तेश्वर महादेव स्थित मुक्तेश्वर महादेव मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें काफी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश धारण किए थी। यह यात्रा विभिन्न स्थानों से होते हुए मौहल्ला सेवाराम स्थित नामदेव धर्मशाला पहुंची, जिसके बाद धार्मिक अनुष्ठानों के साथ शिव महापुराण कथा का विधिवत शुभारंभ हुआ। पंडित अमित कौशिक ने कहा सावन का महीना भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है, इस महीने में श्री शिव महापुराण कथा कराना एवं श्रवण करना अत्यंत फलदायी माना गया है। इस दौरान की गई कथा पूजा अर्चना द्वारा साधक को शीघ्र ही उसका फल मिलता है।

### टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एनसीसी कैडेट्स ने निकाली रैली

नजीबाबाद (चिंगारी)। 30 यूपी बटालियन बिजनौर के निर्देशन तथा मूर्ति देवी सरस्वती इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य के नेतृत्व में टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने नागरिक जागरूकता के लिए एक रैली निकाली। जिसमें एनसीसी इंचार्ज अंकुर चौधरी, प्रधानाचार्य अनुपम माहेश्वरी, वरिष्ठ शिक्षक अनिल योगी, प्रमोद शर्मा तथा अन्य शिक्षक गण ने प्रतिभाग किया। रैली नगर के मुख्य मार्गों से होकर निकली। रैली में शामिल छात्र टीबी से जागरूकता व टीबी मुक्त भारत के लिए नारे लगाते चल रहे थे।

### मौहम्मद रफी को पुण्यतिथि पर दी सुरीली श्रद्धांजलि

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के रफी फैंस ने एक शाम रफी के नाम का आयोजन कर मौहम्मद रफी की 46 वी पुण्यतिथि पर उन्हें सुरीली श्रद्धांजलि दी। नगर के मौहल्ला मुनीरगंज में मास्टर दिलदार अहमद के आवास पर मौहम्मद रफी फैंस ने अपनी मधुर आवाज़ में रफी साहब के गीतों को पेश का उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुध कर दिया। आईएफसीटी के एमडी मुख्य अतिथि वसीम अहमद ने कहा कि आज रफी साहब के दुनिया से जाने के बाद भी उन की कला व खूबसूरत आवाज़ उन्हे जिन्दा रखे हुए है, उन की ये कला उन्हे कभी मरने नही देगी। कार्यक्रम में शादाब ज़फर ने-आने से उस के आये बहार, दिलदार अहमद ने-क्या हुआ तेरा वादा, अल्ताफ रज़ा ने-रंग और नूर की बारात, लईक अहमद उर्फ लक्की ने छलकाये जाम आप की, पेश कर कर समां बांध दिया।


बिजनौर में खुल गया है

ATHER कम डाउन पेमेंट कम ब्याज दर ATHER

आज ही लायें एथर स्कूटर



बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की।

मो. 8192801901

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

गुलदार ने बच्ची को खेत से उठाकर ले जाने का प्रयास किया ( पेज 13 )



# यमराज बने झोलाछाप : फर्जी अस्पताल में ऑपरेशन के बाद फिर हुई मरीज की मौत

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )। स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही और झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा संचालित अस्पताल के संचालकों की मनमानी के कारण क्षेत्र में एक और बेकसूर की जान चली गई है। कस्बे में चल रहे एक निजी अस्पताल में गलत इलाज के कारण एक महिला की मौत हो गई। घटना से गुस्साए परिजनों ने अस्पताल के बाहर हंगामा किया, जिसके बाद कथित डॉक्टर और उसका स्टाफ मौके से फरार हो गये। दोनों पक्षों के बीच समझौते की बात भी सामने आ रही है।**

थाना क्षेत्र के गांव शहबाजपुर निवासी रुखसाना पत्नी महताब को चार दिन पूर्व कस्बे के एक निजी अस्पताल में प्रसव पीड़ा के चलते भर्ती कराया था। परिजनों का आरोप है कि बिना डिग्री धारी महिला डॉक्टर द्वारा चलाए जा रहे अस्पताल में गर्भवती महिला का ऑपरेशन कर दिया गया। इसके बाद पीड़िता की हालत बिगड़ने लगी गंभीर हालत में डॉक्टर ने महिला को बिजनौर की रैफर कर दिया। बिजनौर से मेरठ भेज दिया गया। वहां इलाज दौरान महिला की मौत हो गई। अस्पताल का नाम फैमिली हेल्थ केयर सेंटर तथा संचालिका का नाम नफीसा बताया जा रहा है, जो कि कोतवाली देहात के नहटौर रोड  पर स्थित है। अस्पताल संचालिका नफीसा ने बताया, ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत बिगड़ गई थी, जिसको स्वयं उसने बिजनौर में एक निजी अस्पताल में एडमिट कराया था। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है, अब मामला संज्ञान में आया है, जांच कराकर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# कोतवाली देहात उपमण्डी के दिन बहुरेंगे

## विधायक मनोज पारस के प्रयासों से होगा जीर्णोद्धार

**रईस मलिक**

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** पूर्व मंत्री एवं नगीना विधायक मनोज पारस की लगातार कोशिशों और कोतवाली देहात के पूर्व प्रधान असलम कुरैशी की जानिब से दिये गये आवेदन के नतीजे में कोतवाली देहात की उपमंडी की मरम्मत के लिए 62 लाख रुपये की रकम मंज़ूर कर दी गई है। यह उपमण्डी नगीना मंडी समिति के अन्तर्गत आती है, जोकि कई वर्ष और बनी थी जिसकी हालत अब खस्ता हो गई थी।



इस अहम काम का टेंडर भी हो चुका है और उम्मीद है कि बहुत जल्द उपमंडी की मरम्मत एवं निर्माण का काम शुरू कर दिया जाएगा। यह पहल कोतवाली देहात और आसपास के इलाक़ों के किसानों और आम लोगों के लिए बड़ी सहूलियत साबित होगी।

उपमंडी के बेहतर होने और शुरू होने से क्षेत्र के किसानों को अपनी फसल और ज़रूरी पैदावार की खरीद-फरोख्त के लिए एक बेहतर और मुनासिब जगह मिलेगी। इससे किसानों को दूर-दराज़ की मंडियों में जाने की परेशानी से राहत मिलेगी और उन्हें अपनी मेहनत का मुनासिब दाम मिलने की उम्मीद बढ़ेगी। पूर्व मंत्री एवं विधायक मनोज पारस की कोशिशों और पूर्व प्रधान असलम कुरैशी की पहल से कोतवाली देहात क्षेत्र में तरक़्क़ी और खुशहाली के नये रास्ते खुलने की उम्मीद है।

## सूचना

पहले मेरा नाम व पता विकास कर्णवाल पुत्र श्री रक्षपाल सिंह, निकट कन्या पाठशाला, मोहल्ला सरायमीर, नगीना (बिजनौर) था, जो कि अब बदलकर विकास कुमार पुत्र श्री रक्षपाल सिंह, मोहल्ला लाल सराय, धामपुर रोड नगीना (बिजनौर) हो गया है। अब भविष्य में मुझे अपने नये इसी नाम व पते से जाना व पहचाना जाए। - **विकास कुमार पुत्र श्री रक्षपाल सिंह, मोहल्ला लाल सराय, धामपुर रोड, नगीना ( बिजनौर )**

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक किता मकान स्थित ग्राम मुढाला, परगना, तहसील व जिला बिजनौर, जिसके पूरब में आराजी खाली व मकान शेर खां, पश्चिम में मकान सुक्खा, उत्तर में पंचायत घर व रईस अहमद आदि, दक्षिण में रईस अहमद व मारूफ, जिसकी मालिक व काबिज श्रीमती वरीसा पत्नी मौ. आसिफ, नि.ग्राम मुढाला, परगना, तहसील व जिला बिजनौर है। श्रीमती वरीसा आदि ने मौ. आसिफ व मलका रानी के विरूद्ध उक्त मकान के सम्बंध में न्यायालय सिविल जज सी.डि. बिजनौर में वाद सं. 654/2023 श्रीमती वरीसा आदि बनाम मौ. आसिफ आदि दायर कर रखा है, जिसमें दिनांक 05.10.2023 को आदेश जारी किया गया कि उभय पक्ष को निर्देशित किया जाता है कि वे विवादित सम्पत्ति सूची-अ के सम्बंध में अग्रिम नियत तिथि तक यथा स्थिति बनाये रखें। यदि कोई व्यक्ति उक्त आराजी को खरीदता तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा। -**श्रीमती वरीसा पत्नी श्री मौ. आसिफ, नि. ग्राम मुढाला, परगना, तहसील व जिला बिजनौर।**

TATA MOTORS COMMERCIAL VEHICLES | Better Always
TATA
INTRA V30 GOLD PICKUP

APPLY FOR VACANCY
- Sales Executives : 2 (Bijnor, Dhampur)
- Receptionist (Female) : 1 (Bijnor)
- Mechanic / Electrician : 2 (Bijnor)
- Cashier : 1 (Bijnor)
Contact - hr.cnsmotors@gmail.com, Ph: 7055501562
CNS Motors Pvt. Ltd. (TATA Motors CV Dealer)
Address: NH-119, Kiratpur Road, Pedda, Bijnor
Branches: Najibabad, Dhampur, Joya (Amroha)
Phone : 8484932387, 8476001007



कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

भली लगे या बुरी ...

## वकालत का गिरता स्तर

वकालत का पेशा बहुत सम्मानित है, परन्तु यह भी सच्चाई है कि उसका एक छोटा वर्ग ही सही, इस महत्वपूर्ण क्षेत्र की पहचान को दांव पर लगा रहा है। कुछ वकीलों के बीच बढ़ती अराजकता अब लगातार चिंता का विषय बनती जा रही है। स्थिति की गंभीरता का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रदेश की राजधानी लखनऊ के पुलिस डिप्टी कमिश्नर कार्यालय में एक विशेष प्रकोष्ठ बनाया गया है, ताकि पीड़ित नागरिक वहां 'वकीलों के वेश में' आपराधिक कृत्य करने वाले तत्वों के खिलाफ सीधे रिपोर्ट दर्ज करा सकें। दरअसल, वकीलों के एक वर्ग का काला कोट अब अनेक अपराधियों, संपत्तियों पर कब्जे करने, किरायेदारों को भगाने या उनसे मकानों पर कब्जा कराने वाले अनेक अपराधियों का कवच भी बनता जा रहा है। यह तथ्य भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि कुछ वकील अपने पेशे को प्राप्त गरिमा, सुरक्षा और विशेषाधिकारों का गलत तरीके से लाभ उठाते हों। हाल ही में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के जस्टिस राजन राय और संजीव शुक्ला की खंडपीठ ने लखनऊ जिला न्यायालय में घटी एक घटना पर कठोर टिप्पणी करते हुए त्वरित कार्रवाई के आदेश दिए हैं। जिला कोर्ट परिसर में कुछ वकीलों ने एक वादकारी और दिल्ली से आए उसके वकीलों के साथ मारपीट की थी। विडंबना है कि इस प्रकरण में अन्य वकीलों के साथ सेंट्रल बार का एक पदाधिकारी भी शामिल है जिसके खिलाफ कई थानों में अनेक आपराधिक मामले दर्ज हैं। न्यायमूर्तियों ने आश्चर्य प्रकट किया कि आखिर ऐसे वकील को बार का पदाधिकारी कैसे बना दिया गया, जिस पर कई आपराधिक मामले लंबित हैं। वकील के वेश में आपराधिक तत्वों तथा अयोग्य वकीलों की बढ़ती संख्या पर चिन्ता व्यक्त करते हुए भारत के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने भी कुछ महीने पहले कहा था कि ऐसे लोग 'काकरोच की तरह व्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहे हैं।' विडंबना है कि जस्टिस सूर्यकांत की इस व्यंग्यात्मक टिप्पणी का प्रयोग कर काकरोच जनता पार्टी का गठन किया गया। बहरहाल, वरिष्ठ और प्रतिष्ठित वकीलों को वकालत की आड़ में अराजक तत्वों पर नजर रखकर इस पेशे की गरिमा व पवित्रता को बरकरार रखने का प्रयास करना चाहिए।

# ए.सी. कोच में सफ़र करने वाले भी चोरी करते हैं?



▶▶ इक़बाल हिन्दुस्तानी

एक अंग्रेज़ी दैनिक की ख़बर के मुताबिक रेलवे के एसी कोच में सफ़र करने वाले यात्रियों ने पिछले चार साल में 104.51 करोड़ के सामान की चोरी की है। इनमें जनवरी 22 से मई 26 के बीच 1.27 करोड़ बैड रोल, 46.54 लाख फेस टॉवल, 41.13 लाख बैडशीट, 12.95 लाख कम्बल व 2.76 लाख तकिए शामिल हैं। हालांकि चोरी की यह रकम रेलवे के अटेंडेंट की सैलरी से हर माह कट जाती है, जिससे रेलवे को कोई नुकसान नहीं हुआ है। हो सकता है इस चोरी में कुछ बाहरी लोग भी शामिल हों, लेकिन सवाल यह है कि रेलवे के एसी कोच में अमीर और मीडियम क्लास लोग ही अधिक यात्रा करते हैं। वे भी चोरी करते हैं?

आमतौर पर हमारा समाज गरीबों को चोर समझता है, इसकी वजह उनकी आय कम होने से ज़रूरी खर्च पूरे नहीं होना माना जाता है। कुछ लोग उनको नाकारा बताकर भी शॉर्ट कट से पैसा बनाने के आरोप में चोर बता देते हैं। जबकि ग़रीब, अमीर और मीडियम क्लास को पेट भरा होने के बावजूद चोरी करने वाला बताता है। उसका कहना है कि ये वर्ग टैक्स चुराकर ही अमीर बनता है। वे इस वर्ग पर बैंकों का पैसा मारकर दिवालिया बनने से सरकार यानी जनता का धन चुराने का आरोप लगाते हैं। जबकि सच यह है कि सभी वर्गों में आपको अच्छे-बुरे लोग मिल जाएंगे। इसे यह भी कह सकते हैं कि ईमानदार केवल वो है जिसे चोरी का मौक़ा नहीं मिलता है। लेकिन यह भी आधा सच है, क्योंकि आपको ऐसे लोग भी सभी क्लास में मिल जायेंगे जो मौक़ा मिलने पर भी कभी चोरी नहीं करते।




इतना ही नहीं आपको कम ही सही आज के कलयुग में भी ऐसे चुनिंदा लोग मिल जाएंगे जिनकी नीयत दूसरे के लाखों- करोड़ों रूपये देखकर भी नहीं बिगड़ती। वे किसी का खोया पर्स, ज्वैलरी और नोटों का बैग मिलने पर उसे तलाश करके वापस कर देते हैं। जहां तक रेलवे से बिस्तर, चादर, तकिये और तौलिया चोरी होने का सवाल है, करोड़ो लोग हर साल एसी ट्रेन में सफ़र करते हैं, लेकिन उनमें से 98 से 99 प्रतिशत लोग कोई चोरी नहीं करते, लेकिन जो एक-दो प्रतिशत चोरी करते हैं, उससे कहा जा सकता है। एक मछली ही तालाब को गंदा करने को काफ़ी है। रेलवे को चाहिए ये सामान देने से पहले लोगों से सिक्योरिटी जमा कराए। लोग खुद सामान वापस देने के लिए उतावले रहा करेंगे। दूसरा तरीका यह हो सकता है कि हर कोच में कैमरे लगाए जाएं, जिससे चोरी करने वालों को न सिर्फ़ पहचाना जा सके, बल्कि पकड़ा जा सके और उनसे सामान के साथ भारी जुर्माना और उनको जेल भी भेजा जा सके।

संस्कार, ज़मीर और ईमान वाले लोग तो बहुत कम होते हैं जो मौक़ा मिलने पर चोरी, धोखा और बेईमानी नहीं करते, वरना पूरी दुनिया में इंसान लगभग एक जैसे ही होते हैं। उनमें लालच, झूठ और बेईमानी मौजूद होती है, लेकिन सरकार का सिस्टम मज़बूत हो तो उनको पकड़ लेता है, जिससे वे डरकर अपराध नहीं करते। मिसाल के तौर पर भारतीय रेलवे में लोग खूब बिना टिकट चलते हैं, लेकिन दिल्ली मेट्रो में चाहकर भी ऐसा नहीं कर सकते हैं, क्योंकि वहां ऐसा करने का सिस्टम ही नहीं है।

# नशा मुक्ति अभियान के तहत पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

**बिजनौर (चिंगारी)। एम.डी. कॉलेज ऑफ लॉ बिजनौर में नशे के बढ़ते दुष्प्रभावों के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।**

विद्यार्थियों ने अपने पोस्टरों के माध्यम से नशे से होने वाली शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक हानियों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। पोस्टरों में युवाओं को नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवन अपनाने और समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश दिया गया।



प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने यह संदेश दिया कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नुकसान नहीं पहुंचाता, बल्कि परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। युवाओं की सक्रिय भागीदारी से नशा मुक्त समाज के निर्माण की दिशा में सकारात्मक कदम बढ़ाया जा सकता है। महाविद्यालय के प्राचार्य ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करती हैं और उन्हें समाज हित में कार्य करने के लिए प्रेरित करती हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने नशे से दूर रहने और दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया।

## पॉक्सो एक्ट के आरोपी को 15 दिन सुनवाई में चार साल की सजा

**बिजनौर (चिंगारी)।** जनपद पुलिस के 'ऑपरेशन कन्विक्शन' अभियान के तहत थाना नजीबाबाद पुलिस और अभियोजन विभाग की प्रभावी पैरवी से पॉक्सो एक्ट के एक मामले में अदालत ने महज 15 दिनों के भीतर आरोपी को दोषी ठहराते हुए चार वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 21 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। पुलिस के अनुसार, 16 जुलाई 2026 को पीड़िता की मां ने थाना नजीबाबाद में तहरीर देकर अपनी नाबालिग पुत्री के साथ छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेचना के दौरान दानिश पुत्र मुन्ने, निवासी ग्राम किशनपुर आवंला, थाना नजीबाबाद का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने 18 जुलाई को उसे गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। विवेचना पूरी होने के बाद आरोपी के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल की गई। स्थानीय पुलिस और मॉनिटरिंग सेल की ओर से न्यायालय में प्रभावी पैरवी किए जाने के बाद शुक्रवार को स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट, बिजनौर ने आरोपी दानिश को धारा 74 बीएनएस एवं 7/8 पॉक्सो एक्ट के तहत दोषी ठहराते हुए चार वर्ष के कारावास और 21 हजार जुर्माने की सजा सुनाई है।

## वन स्टॉप सेंटर धामपुर में बनेगी स्थायी पुलिस चौकी

**बिजनौर (चिंगारी)।** कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में आयोजित जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में पुलिस अधीक्षक नगर के.जी. सिंह ने प्रोबेशन विभाग के अधिकारियों को वन स्टॉप सेंटर धामपुर में स्थायी पुलिस चौकी के निर्माण के लिए पत्रावली प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी विमल चौबे ने समिति के कार्यों की अब तक की प्रगति तथा सदस्यों के दायित्वों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर बाल कल्याण समितियों के गठन पर जोर देते हुए बाल अपचारियों की वर्तमान स्थिति की नियमित समीक्षा किए जाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने जानकारी दी कि तहसील धामपुर के नगीना रोड स्थित चक शहजानी में 100 बैड के सरकारी अस्पताल परिसर में संचालित वन स्टॉप सेंटर पर स्थायी पुलिस चौकी स्थापित कराई जाएगी। इसके अलावा बाल श्रम उन्मूलन के लिए चलाये जा रहे विशेष अभियानों, किशोर न्याय बोर्ड की कार्यप्रणाली तथा जिले में भिक्षावृत्ति और बच्चों में नशाखोरी की रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# 44 साल बाद बिछड़ी भांजी से मिले मामा अवधेश खन्ना

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रिश्तों की डोर कितनी मजबूत होती है, इसका एक भावुक मिलन बिजनौर में देखने को मिला, जहां 44 वर्ष पहले बिछड़ी भांजी अपने मामा से मिल गई। नगर के मोहल्ला सोतियान निवासी 74 वर्षीय अधिवक्ता अवधेश खन्ना की वर्षों पुरानी तलाश आखिरकार पूरी हो गई। जैसे ही भांजी निधि उर्फ गुड़िया अपने बच्चों के साथ मामा के घर पहुंची, दोनों की आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। यह भावुक मिलन देखने वालों की आंखें भी नम कर गया। अवधेश खन्ना ने बताया कि उन्होंने अपनी बहन रमा का विवाह वर्ष 1977 में मुरादाबाद निवासी अजय मल्होत्रा से कराया था। वर्ष 1982 में बहन रमा का निधन हो गया। उस समय उनकी बेटी निधि उर्फ गुड़िया महज चार वर्ष की थी। बहन की मृत्यु के बाद अजय मल्होत्रा अपनी बेटी को



लेकर बिना किसी को बताए कहीं चले गए। अवधेश खन्ना ने वर्षों तक अपनी भांजी और बहनोई की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। समय बीतने के साथ उम्मीद भी लगभग खत्म हो गई।

हाल ही में देहरादून निवासी उनकी बहन रानी महेंद्र के पास एक युवती का फोन आया, जिसने खुद को रमा की बेटी बताया। बातचीत के बाद परिवार ने संपर्क स्थापित किया और निधि अपने बच्चों के साथ बिजनौर पहुंच गई। वर्षों बाद मामा-भांजी का मिलन बेहद भावुक रहा। लंबे समय तक दोनों एक-दूसरे को निहारते रहे और पुराने दिनों की यादें ताजा करते रहे।

निधि ने बताया कि उसके पिता उसे दिल्ली ले गए थे, जहां उन्होंने काम किया, और उसका पालन पोषण किया। बाद में उसकी शादी बिजनौर के शेरकोट में हुई। वर्तमान में उसके चार बच्चे हैं, जिनमें से तीन की शादी हो चुकी है।


## सोशल मीडिया बना रिश्तों का सेतु

**44 वर्षों से बिछड़े परिवार को मिलाने में सोशल मीडिया ने अहम भूमिका निभाई। निधि की सबसे छोटी बेटी रानी ने एयर होस्टेस कोर्स के लिए देहरादून में आवेदन किया। इसी दौरान उसे पता चला कि उसकी मौसी देहरादून में रहती हैं। उसने व्हाट्सएप और फेसबुक के जरिए उनकी जानकारी जुटाई और संपर्क किया। इसके बाद मौसी ने अपने भाई अवधेश खन्ना से बात कराई और आखिरकार चार दशक से अधिक समय बाद बिछड़ा परिवार फिर एक हो गया।**

# खुशी-खुशी अपने झुंड में शामिल हो गया हाथी का बच्चा

## वनकर्मियों द्वारा चार दिन लगातार प्रयासों से मिली सफलता


**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** कार्बेट टाइगर रिजर्व की झिरना रेंज में झुंड से बिछड़े करीब दो माह के हाथी के बच्चे को चार दिन की कड़ी निगरानी और लगातार प्रयासों के बाद वनकर्मियों द्वारा उसके झुंड से मिलाने के बाद राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार सोमवार को झिरना वन क्षेत्र के ग्रासलैंड में वनकर्मियों को हाथी का बच्चा अकेला मिला था। आशंका थी कि वह अपने झुंड से बिछड़ गया है। इसके बाद वन विभाग ने तत्काल रेस्क्यू अभियान शुरू करते हुए बच्चे की निगरानी शुरू कर दी। वनकर्मी उसे विभिन्न हाथी झुंडों के पास ले गए, लेकिन किसी भी झुंड ने उसे अपने साथ स्वीकार नहीं किया। रात्रि के समय बाघ समेत अन्य वन्यजीवों से खतरे को देखते हुए बच्चे को वन चौकी में सुरक्षित रखा जाता था। दिन में उसे पुन: जंगल में ले जाकर हाथियों के झुंड से मिलाने का प्रयास किया जाता रहा। कई प्रयास असफल रहने के बाद भी वनकर्मियों ने हिम्मत नहीं हारी और लगातार निगरानी जारी रखी। शुक्रवार को झिरना क्षेत्र में हाथियों का एक अन्य झुंड दिखाई देने पर वनकर्मियों ने बच्चे को झुंड से कुछ दूरी पर छोड़ दिया। इस बार बच्चा तेजी से झुंड की ओर बढ़ा और हाथियों ने उसे अपने साथ स्वीकार कर लिया। इसके बाद वनकर्मियों ने इसकी सूचना विभागीय अधिकारियों को दी। बच्चे के सुरक्षित झुंड में शामिल होने पर वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। कार्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक साकेत बडोला ने बताया कि हाथियों का झुंड बच्चे को अपने साथ ले गया है। इससे स्पष्ट है कि बच्चा इसी झुंड से बिछड़ गया था। हालांकि सुरक्षा की दृष्टि से संबंधित क्षेत्र में फील्ड स्टाफ को निगरानी के निर्देश दिए गए हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हाथी का बच्चा अपने परिवार के साथ सुरक्षित है।



## बिजनौर के चर्चित प्रबल हत्याकाण्ड पर आधारित लघु कथा

# जीत के आँसू

...वह धीरे-धीरे अपने भाई की तस्वीर के पास गई। कांपते हाथों से तस्वीर को सीने से लगाया। वर्षों से भीतर जमा हुआ दर्द अचानक आंखों के रास्ते बह निकला। ये आंसू किसी पराजय के नहीं थे... ये आंसू उस विश्वास की जीत के थे, जिसने बारह वर्षों तक हर तारीख, हर निराशा और हर संघर्ष के बावजूद हार मानना स्वीकार नहीं किया।



उसने आसमान की ओर देखा और धीमे स्वर में कहा-

'भैया... आज मैं मुकदमा नहीं जीती हूं, आज तुम्हारा विश्वास जीत गया है। आज मेरी आंखों में जो आंसू हैं, वे हार के नहीं... न्याय की जीत के आंसू हैं।'

उसकी आँखों से बहते आँसू देखकर अदालत में उपस्थित अनेक लोगों की आँखें भी नम हो गईं। न्यायाधीश की गंभीर दृष्टि कुछ क्षणों के लिए झुक गई। अधिवक्ता मौन थे। अदालत का सन्नाटा मानो स्वयं इस जीत को नमन कर रहा था।

बाहर निकलते समय एक युवा पत्रकार ने पूछा— 'क्या अब आपको सुकून मिल गया?'

वह क्षणभर रुकी। आंसू पोंछे और बोली— 'सुकून तो शायद कभी नहीं मिलेगा। जिस घर का एक दीपक बुझ जाए, वहां उजाला पहले जैसा नहीं लौटता। लेकिन आज यह संतोष अवश्य है कि मेरे भाई का खून बेआवाज़ नहीं रहा। सच की राह लंबी होती है, मगर उसकी मंज़िल न्याय ही होती है।'



पत्रकार की क़लम थम गई। उसे लगा, आज अदालत ने केवल अपराधियों को दंड नहीं दिया, बल्कि समाज को यह विश्वास भी लौटा दिया कि सत्य देर से सही, पर अंतत: जीतता अवश्य है।

और उस दिन अदालत की सीढ़ियों से उतरती एक बहन की आंखों में चमक रहे थे...

जीत के आँसू।

-डा.अतीक दानिश

स्वतंत्र लेखक एवं सहित्यकार



# सरस्वती विद्या मंदिर में प्रान्तीय कबड्डी एवं शतरंज प्रतियोगिताओं का समापन

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना मार्ग स्थित रामगोपाल रामचंद्र सरस्वती विद्या मंदिर में तीन दिवसीय 38वीं प्रांतीय कबड्डी एवं शतरंज प्रतियोगिता का कल शाम समापन हो गया। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, पंकज गुप्ता (प्रांतीय खेल प्रमुख), राजवीर सिंह (विद्यालय कोषाध्यक्ष), उपेंद्र शर्मा (संभाग निरीक्षक मुरादाबाद मंडल) ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में 21 विद्यालयों के 300 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया तथा 13 निर्णायक रहे।


प्रांतीय कबड्डी एवं शतरंज प्रतियोगिता के समापन में मंचासीन अतिथि।

कबड्डी प्रतियोगिता के प्रभारी अशोक कुमार और शतरंज के प्रभारी नीरज कुमार रहे। कबड्डी प्रतियोगिता में अंडर 14 में प्रथम स्थान शिकारपुर, द्वितीय स्थान विद्या मंदिर धामपुर, तृतीय स्थान विद्या मंदिर ककोड़ का रहा। अंडर 17 एवं 19 में प्रथम स्थान खुर्जा, द्वितीय स्थान ककोड़ तथा तृतीय स्थान शिकारपुर का रहा।

शतरंज प्रतियोगिता में अंडर 14 में प्रथम स्थान शास्त्री नगर मेरठ, द्वितीय स्थान नोएडा और तृतीय स्थान सहारनपुर का अंडर 17 में प्रथम स्थान शास्त्री नगर मेरठ, द्वितीय स्थान साहिबाबाद तथा तृतीय स्थान नोएडा का तथा अंडर-19 में प्रथम स्थान शास्त्री नगर मेरठ, द्वितीय स्थान सहारनपुर तथा तृतीय स्थान नोएडा का रहा। समापन समारोह में अतिथि जयपाल सिंह व्यस्त ने सभी खिलाड़ियों की सराहना की। प्रधानाचार्य हेमेंद्र सिंह, आचार्य उपेंद्र शर्मा संभाग निरीक्षक मुरादाबाद मंडल ने आभार वचन प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के आचार्य रामजी पांडे के द्वारा किया गया।

# अभी तक अंतिम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम है लम्बित आगामी पाठ्यक्रमों की अंतिम तिथि कर दी घोषित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार स्थित राजकीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी से मिलकर श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों के अंतिम सेमेस्टर के लंबित परीक्षा परिणामों का मुद्दा उठाया। इस पर पूर्व मंत्री ने विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक से दूरभाष पर वार्ता कर लंबित परिणाम शीघ्र घोषित करने की मांग की। परीक्षा नियंत्रक ने भरोसा दिलाया कि अगले दो से तीन दिनों के भीतर सभी लंबित पाठ्यक्रमों के परिणाम जारी कर दिए जाएंगे।

## विद्यार्थियों ने पूर्वमंत्री से की इसकी शिकायत

वार्ता के दौरान छात्रों ने बताया कि परिणाम घोषित न होने से बीएड और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों के सामने गंभीर शैक्षिक संकट खड़ा हो गया है। कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा बीएड एवं पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है जिसकी अंतिम तिथि सात अगस्त निर्धारित है। लेकिन परीक्षा परिणाम लंबित होने के कारण बड़ी संख्या में छात्र आवेदन करने से वंचित रह जायेंगे। इस पर पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने विवि के परीक्षा नियंत्रक से दूरभाष पर वार्ता कर लंबित परिणाम शीघ्र घोषित करने की मांग की। परीक्षा नियंत्रक ने भरोसा दिलाया कि अगले दो से तीन दिनों के भीतर सभी लंबित पाठ्यक्रमों के परिणाम जारी कर दिए जाएंगे। वहीं छात्रों ने मांग की कि किसी कारणवश परिणाम जारी होने में और विलंब होता है तो बीएड व अन्य पाठ्यक्रमों के आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाने पर भी विचार किया जाना चाहिए। पूर्व मंत्री से मुलाकात करने वाले छात्र प्रतिनिधिमंडल में पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अंकुश घिल्डियाल, पूर्व महासचिव शुभम सुयाल, कशिश, शीतल, अंकुर केष्टवाल, अंजली गुसाईं, ऋतु, मनीष नेगी, रोहित कुमार और आकृति शामिल रहे।

# रोटरी क्लब कोटद्वार का अधिष्ठापन समारोह सम्पन्न




**कोटद्वार ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब कोटद्वार का अधिष्ठापन समारोह व मण्डलाध्यक्ष की आधिकारिक यात्रा गरिमामय वातावरण में त्याग, समर्पण व मानवता की सेवा के संकल्प के साथ सम्पन्न हुई । इस अवसर पर रोटरी मण्डल 3100 मण्डलाध्यक्ष रो पायल गौड़ ने वर्ष 2026- 2027के नवनियुक्त अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा गुप्ता, सचिव सुश्री वीना रावत व उनकी कार्यकारिणी को शपथ दिलाकर व कॉलर पहनाकर पद भार ग्रहण कराया। देवी रोड स्थित मिक्स ग्रान्ड होटल मे आयोजित उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रो. पायल गौड़ ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विश्व में लाखो रोटेरियन देश सेवा के कार्यों में हमेशा अग्रणी रहते हैं। उन्होंने महिलाओ के सशक्तिकरण तथा शिक्षा व साक्षरता के क्षेत्र मे कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने रोटरी क्लब कोटद्वार के कार्यो की प्रशंसा की। इस अवसर पर मण्डलीय चीफ कॉर्डिनेटर शरतचन्द गुप्ता, सह मण्डलाध्यक्ष आधिकारिक यात्रा संजीव बंसल, मनोनीत मण्डलाध्यक्ष प्रितीश कुमार सिंह, डीआरएफसी सागर शर्मा, अनीत चावला, वाईपी गिलरा, विपिन बक्शी, अनिल भोला, गुरूबचन सिंह, कमल गुप्ता, डीपी सिंह, गोपाल बंसल ने विचार व्यक्त किए।

## मण्डलाध्यक्ष ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई

समारोह मे निवर्तमान अध्यक्ष ऋषि ऐरन ने आगामी सत्र में पूर्ण सहयोग का विश्वास दिलाया एवं निवर्तमान सचिव विजय कुमार ने वर्ष 2025-2026 मे किए गए कार्यो की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। नवनियुक्त अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा गुप्ता ने कहा कि क्लब रोटरी के सभी आयामो मे सक्रिय भूमिका निभाएगा। सचिव वीना रावत ने आगामी वर्ष मे किए जाने वाले कार्यो का व्यौरा दिया। इस अवसर पर श्रीमती प्रतिभा गुप्ता, विजय कुमार, वीना रावत, राजेश गुप्ता, धनेश अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, वाईपी गिलरा, अनीत चावला, कुलदीप अग्रवाल, शरत चन्द गुप्ता, डीपी सिंह, अमित अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, ज्योति स्वरूप उपाध्याय, कमल गुप्ता, अनिल कुमार भोला, अनुराग अग्रवाल, गोपाल बंसल, सचिन गोयल, अशोक अग्रवाल, गुरूबचन सिंह, विपिन बक्शी व डॉ. विजय मैठानी को मण्डलाध्यक्ष रो. पायल गौड़ ने शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन विपिन बक्शी ने किया।

# युवती को जंगल में ले जाकर दुष्कर्म किया, मुकदमा दर्ज

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर क्षेत्र की एक युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की तहरीर पर धामपुर कोतवाली पुलिस ने मोहल्ले के एक रिक्शा चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार गुरुवार शाम युवती जूस लेने के लिए घर से निकली थी। आरोप है कि मोहल्ले का अरशद उसे बहला-फुसलाकर ई-रिक्शा में बैठाकर जंगल की ओर ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता किसी तरह घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन युवती को लेकर देर रात कोतवाली पहुंचे और आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर गिरफ्तारी व कठोर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घटनास्थल समेत अन्य पहलुओं की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता और परिजनों के बयान सहित अन्य साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# अंग एवं नेत्रदान विषय पर कार्यशाला आयोजित

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** लायंस क्लब एवं मोहन फाउंडेशन एम्स ऋषिकेश के सौजन्य से निर्मल आश्रम दीपमाला पब्लिक स्कूल के सभागार में अंग एवं नेत्रदान विषय पर कार्यशाला एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन कक्षा 11वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की उपस्थिति में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती ललिता कृष्णास्वामी के मार्गदर्शन एवं श्रीमती रंजना शर्मा एवं सुश्री नेहा भल्ला के सहयोग से हुआ, जिसमें महिपाल चौहान, संचित अरोड़ा, अरुण शर्मा तथा सुश्री बिंदिया भाटिया आदि ने विद्यार्थियों को अंग एवं नेत्रदान के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा बताया कि अंग एवं नेत्रों का दाता मृत्यु उपरांत भी कई लोगों को नया जीवन व दृष्टि प्रदान कर सकता है। कार्यक्रम का समापन अंग एवं नेत्रदान के समर्थन में सामूहिक शपथ के साथ हुआ।

# गुरु पूर्णिमा पर हंगामा लोक समिति व साईं संघ ने किया भण्डारे का आयोजन

**धामपुर ( चिंगारी )।** गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर हंगामा लोक सामाजिक, साहित्य समिति एवं श्री साई सेवा संघ के संयुक्त तत्वावधान में भंडारे का आयोजन किया गया।




इस अवसर पर समिति के संरक्षक डॉ. जितेन्द्र कौशिक, निर्मला कौशिक, संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशिक, शशिबाला शर्मा एवं राजेन्द्र शर्मा द्वारा साईं बाबा की प्रतिमा को भोग लगाया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रशासक हेमलता चौहान, योजना गुप्ता, समाजसेवी एसपी सलूजा, सुदेश शर्मा, सुनीता गोस्वामी, विमला भटनागर, आशा, सृष्टि, शीलेन्द्र शर्मा, विनोद शर्मा, अंशु दीक्षित, सुषमा दीक्षित, अनिता, कविता, तुलसी, पराग, डॉ. राजमोहन विश्वास, हिमांशु विश्वास, डॉ. पूनम चौहान, भूपेन्द्र चौहान, ऋषभ मित्तल, मानु, शीतल शर्मा, सार्थक, सुषमा, रजनी रस्तौगी, शम्भू रस्तौगी, राशि रस्तौगी, कविता, ललिता, विकास, सचिन, शिवानी, दिनेश चन्द्र, नवीन, संजय जैन, अनिल कुमार अग्रवाल, प्रतिभा, शेखर, दीपक, पारस, मुकुल, डॉ. सारंग, वाची, सहित्य शर्मा, सीटू, ईश्वर चन्द्र शर्मा, अनिल शर्मा एडवोकेट, अनिल शर्मा इंजीनियर, अनिल शर्मा अनिल, नवचेतन शर्मा, अनिता शर्मा, डॉ. शंकर भारद्वाज, परमजीत कौर सहित अनेक श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और गुरुजनों के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

# खादर क्षेत्र में बाढ़ के हालात

## हस्तिनापुर-मेरठ मार्ग पर आवागमन बंद



**चांदपुर ( चिंगारी )।** पांडव पुलिस चौकी के सामने सड़क पर दो से तीन फीट पानी होने से हस्तिनापुर-मेरठ मार्ग पर आवागमन बंद हो गया है। वहीं खादर क्षेत्र के अनेक गांवों व उनके जंगलों में पानी भर जाने से पशुओं के चारे की गम्भीर समस्या पैदा होनी शुरू गई है। रायपुर खादर व सीकरी में गांव के अन्दर पानी भर जाने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

दरअसल, गंगा का स्तर बढ़ने से खादर क्षेत्र के ग्राम रायपुर खादर, जलालुद्दीनपुर, जलालपुर, दत्तियाना, मुदफरा, सुजातपुर खादर,स्याली आदि गांवों के जंगलों में कई-कई फीट पानी भर गया है तथा गांव के अंदर भी बाढ़ का पानी भर गया है। ग्रामीण ट्रैक्टर से आ-जा रहे हैं। रायपुर खादर के पूर्व प्रधान करतार सिंह ने बताया कि गांव के अन्दर बाढ़ का पानी भर जाने से ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्रॉली व बैलगाड़ी आदि से ही आ-जा रहे हैं। पुलिस द्वारा हस्तिनापुर-मेरठ मार्ग पर अवरोधक व चेतावनी बोर्ड लगाकर रुट डायवर्ट किया गया है। उपजिलाधिकारी चांदपुर प्रशांत वर्मा ने खादर क्षेत्र के बाढ़ ग्रस्त गांवों में जाकर लोगों को सजग रहने की सलाह दी। खादर क्षेत्र में बनाई गई चौकियां स्थिति पर नजर रखे हुए हैं।

# शेरबाज पठान ने किया बाढ़ग्रस्त गांवों का दौरा

**चांदपुर ( चिंगारी )। आजाद समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व पालिकाध्यक्ष शेरबाज पठान ने खादर क्षेत्र के बाढ़ग्रस्त गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों की समस्यां जानीं तथा हरसंभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया। शेरबाज पठान ने जलीलपुर क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांव नारनौर, दत्तियाना, रायपुर खादर और जलालपुर खादर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं ट्रैक्टर चलाकर बाढ़ग्रस्त इलाकों का निरीक्षण किया और ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि वे क्षेत्रवासियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चले हैं और आगे भी इसी तरह उनके साथ खड़े रहेंगे।**



ट्रैक्टर पर सवार होकर खादर के बाढ़ग्रस्त गांवों का दौरा करते शेरबाज पठान

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# मकान का लेंटर गिरने से वृद्ध मजदूर दबा

**नगीना ( चिंगारी )।** शुक्रवार की शाम मकान की पुरानी दीवार तोड़ते समय लेंटर गिरने से वृद्ध मजदूर उसमें दबकर घायल हो गया। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के दौरान उसे बिजनौर रैफर कर दिया गया। पटेरी निवासी अख्तर कुरैशी(60 वर्ष) मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। शुक्रवार की शाम करीब साढ़े चार बजे वह मोहल्ले में ही एक व्यक्ति के मकान की पुरानी दीवार तोड़ रहा था। बताया जाता है कि अचानक मकान का लेंटर नीचे आ गिरा, जिसमें वह दब गया। मजदूर की आवाज़ सुनकर आस पड़ौस के कई लोग इकट्ठा हो गए और उसे बाहर निकालकर उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया।

# मॉडर्न एरा स्कूल की देविका ने कलस्टर प्रतियोगिता में जीता रजत पदक

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल, बिजनौर ने खेल के मैदान में सफलता का परचम लहराया है। सीबीएसई द्वारा आयोजित क्लस्टर प्रतियोगिता में विद्यालय की होनहार छात्रा देविका (कक्षा 9) ने अपनी उत्कृष्ट खेल क्षमता का प्रदर्शन करते हुए ट्रिपल जंप स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया है। इस शानदार प्रदर्शन के बल पर देविका ने आगामी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपना स्थान पक्का कर लिया है। डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सीमा बिस्वास ने कहा कि देविका की यह उपलब्धि उनकी निरंतर मेहनत और लगन का परिणाम है। इतनी कम उम्र में नेशनल स्तर पर जगह बनाना पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का क्षण है। हमें पूरा विश्वास है कि वह राष्ट्रीय मंच पर भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी।



# गुलाब सिंह डिग्री कॉलेज सोसायटी का चुनाव सम्पन्न

**चांदपुर ( चिंगारी )।** गुलाब सिंह हिन्दू डिग्री कॉलेज सोसायटी चांदपुर-स्याऊ (बिजनौर) की प्रबंध समिति के सदस्यों एवं पदाधिकारियों के निर्वाचन की प्रक्रिया दयानंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, बुडगरा में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। यह चुनाव प्रक्रिया चुनाव अधिकारी प्रोफेसर रश्मि रावल प्राचार्या, आरएसएम डिग्री कॉलेज, धामपुर तथा गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक प्रो. (डॉ.) धर्मेन्द्र कुमार प्रोफेसर बीएड. विभाग, वर्धमान डिग्री कॉलेज, बिजनौर के पर्यवेक्षण में सम्पन्न हुई, जिसमें चन्द्रवीर सिंह गहलौत, परीक्षित कुमार, बलकरन सिंह एडवोकेट, भूपेंद्र सिंह, कुश कुमार सिंह एड., दौलत सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, डॉ. अरविंद शर्मा को सर्वसम्मति से सदस्य चुना गया तथा दो सदस्यों विजय अग्रवाल एवं गजराज सिंह को सदस्य नामित किया गया। इसके उपरांत सभी सदस्यों द्वारा पदाधिकारियों के निर्वाचन की प्रक्रिया आरंभ हुई, जिसमें सर्वसम्मति से चन्द्रवीर सिंह गहलौत (एड.) को उपाध्यक्ष, परीक्षित कुमार को सचिव/ प्रबंधक, गजराज सिंह को उप-सचिव/ उप-प्रबंधक तथा बलकरन सिंह (एड.) को कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव अधिकारी प्रोफेसर रश्मि रावल ने निर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों के नाम की विधिवत घोषणा की। प्रबंध समिति के चुनाव के इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या/पदेन सदस्य प्रोफेसर साधना, शिक्षक प्रतिनिधि डॉ. मोहम्मद साजिद अंसारी तथा आस मोहम्मद एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी प्रतिनिधि ज्योति कुमारी भी उपस्थित रहे।



प्रबंध समिति के आजीवन अध्यक्ष कुंवर धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को उनके निर्वाचन की बधाई देते हुए कहा कि नव-निर्वाचित प्रबंध समिति महाविद्यालय की प्रगति और विकास में अपना हर संभव योगदान देने के लिए हमेशा तत्पर रहेगी।



बिजनौर का प्रबल हत्याकांड

# 0.48 इंच के सिम से उम्रकैद तक

## जब एक नन्हा सिम गंगा की रेत में दबी प्रबल की लाश की आवाज़ बना, और फिर अदालत तक पहुंच गया सच

मरगूब रहमानी

**बिजनौर ( चिंगारी )**। कहते हैं, अपराध कितना भी गहरा क्यों न हो, सच की सांसें कभी नहीं रुकतीं। इंसान चाहे अपने गुनाह को धरती की गहराइयों में दफना दे या नदी की अथाह धाराओं में बहा दे, लेकिन प्रकृति और न्याय की अपनी एक स्मृति होती है। समय भले ही मौन रहे, पर वह सब कुछ दर्ज करता हुआ चलता है। बहुचर्चित प्रबल हत्याकांड भी मानो इसी सत्य की जीवंत मिसाल बन गया।

जिस दिन प्रबल की हत्या हुई और उसका शव गंगा की धारा के हवाले कर दिया गया, शायद उस समय अपराध करने वाले यह मान बैठे होंगे कि अब उनके गुनाह तक कोई नहीं पहुंच पाएगा। उन्हें लगा होगा कि न कोई गवाह है, न कोई सबूत। इसलिए सच कभी सामने आएगा ही नहीं,लेकिन वे यह भूल गए कि हर कर्म का एक साक्षी होता है और हर अपराध का एक तयशुदा हिसाब। दिन बीतते गए। प्रबल का कोई सुराग नहीं मिला। शव न मिलने से मामला रहस्यमय बनता जा रहा था। जिन लोगों पर संदेह था, वे हत्या से ही इनकार करने लगे थे। पुलिस भी कठिन परिस्थितियों से गुज़र रही थी। बिना शव के हत्या सिद्ध करना आसान नहीं था। जांच जैसे घने अंधेरे में रास्ता तलाश रही थी। संदेह की सुई ऐसे प्रभावशाली लोगों की ओर घूम रही थी, जिन तक कानून का हाथ पहुंचना भी आसान नहीं माना जा रहा था। मुख्य अभियुक्तों में एक वरिष्ठ अधिवक्ता भी शामिल था। पुलिस पर हर कदम फूंक-फूंककर रखने का दबाव था।

उधर, एक ग़रीब परिवार की उम्मीदें हर दिन थोड़ा-थोड़ा करके टूट रही थीं। माँ की आंखों में बेटे के लौट आने का सपना धीरे-धीरे सूख रहा था। बहन की हर घंटी पर धड़कन तेज हो जाती, लेकिन हर बार मायूसी ही हाथ लगती। शहर का दिल भी इस दर्द से पिघलने लगा था, लोग सड़कों पर उतरे, प्रदर्शन हुए, कैंडिल मार्च निकाले गए। इंसाफ़ की मांग ने पूरे शहर को एक सूत्र में बांध दिया, लेकिन सबसे बड़ी चुनौती वही थी-प्रबल कहां है?

फिर समय ने ऐसी करवट ली, जिसे आज भी लोग ईश्वर की लीला मानते हैं।

मुज़फ्फरनगर के रामराज गंगा खादर में एक लापता महिला की तलाश चल रही थी, परिजन रेत के टीलों में उसे खोज रहे थे। महिला



तो नहीं मिली, लेकिन रेत में दबी एक और कहानी मिल गई- प्रबल का शव। उसकी जेब में एक बंद मोबाइल फोन पड़ा था। मोबाइल बेकार था, लेकिन उसके भीतर लगा मात्र 0.48 इंच लंबा और 0.35 इंच चौड़ा एक छोटा-सा सिम कार्ड अभी भी सच की आखिरी सांस बचाए हुए था। जब उस सिम को दूसरे फोन में लगाया गया तो उसमें सिस्टर नाम से एक नंबर मिला। फोन मिलाया गया। दूसरी ओर प्रबल की बहन प्राची थी।

बस, यहीं से 27 दिनों से दफन सच ने पहली बार आवाज़ दी। एक नन्हे से सिम ने उस शव की पहचान कराई, जिसने पूरे मामले की दिशा बदल दी। जो कहानी लगभग अंधेरे में खो चुकी थी, वह फिर से न्याय की चौखट तक पहुंच गई।

शव मिलने के बाद जांच ने रफ्तार पकड़ी। पुलिस ने सात आरोपियों के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल की। लंबी न्यायिक प्रक्रिया के बाद, पूरे 14 वर्ष बीत गये। इस बीच प्रबल के मम्मी-पापा की भी सदमे से मौत हो गई। आखिरकार अदालत ने सातों को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई।

यह फैसला केवल एक मुकदमे का अंत नहीं था। यह उस ग़रीब परिवार की चौदह वर्षों की प्रतीक्षा, उनकी पीड़ा, उनकी उम्मीद और उनके संघर्ष का उत्तर था। प्रबल अब लौटकर कभी नहीं आएगा। न ही सदमे से मरे उसके मम्मी-पापा की कभी वापसी होगी। बहन के रक्षाबंधन के धागे आज भी शायद उसी भाई को तलाशते होंगे, जो एक दिन घर से निकला था और फिर कभी वापस नहीं लौटा।

लेकिन यह कहानी हमेशा याद दिलाएगी कि अपराध चाहे कितना ही योजनाबद्ध क्यों न हो, न्याय तक पहुंचने का रास्ता कभी-कभी किसी बड़े सबूत से नहीं, बल्कि एक छोटी सी चीज से भी बन जाता है। और शायद इसी कारण लोग आज भी कहते हैं- जब इंसान की आंखें बंद हो जाती हैं, तब ऊपर वाले की नज़र काम करना शुरू कर देती है। वहां देर हो सकती है, लेकिन अंधेरा कभी स्थायी नहीं होता।

## प्राची की हिम्मत से मेरा भी आत्मबल बढ़ा- अधिवक्ता जकावत

प्रबल हत्याकाण्ड की पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अहमद जकावत ने अदालत के फैसले पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह अत्यंत जघन्य अपराध था, जिसमें न्यायालय ने दोषियों को



आजीवन कारावास की सजा सुनाकर बहुत अच्छा फैसला दिया है। उन्होंने कहा कि मेरे 30 साल की वकालत में यह पहला मामला था, जिसमें पीड़ित पक्ष की ओर से पैरवी करने वाली एकमात्र महिला मृतक प्रबल की बहन प्राची अग्रवाल न्याय के लिये तमाम मुश्किलों का सामना करते हुए संघर्ष करती रही। दोषी बहुत प्रभावशाली तथा धनवान लोग हैं। प्राची को कई बार डराया, धमकाया गया तथा प्रलोभन भी दिया गया, लेकिन वह न्याय की इस लड़ाई में जमकर डटी रही, जिससे मेरा भी आत्मबल बढ़ा और मैंने पूरी ईमानदारी और मेहनत करते हुए इस न्याय की लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाया। प्राची ने 14 वर्ष तक संघर्ष किया। श्री जकावत के अनुसार वे दो वर्ष पहले ही इस मुकदमे में आये तथा मजबूती से पैरवी करते हुए दोषियों को सजा दिलाने में कामयाब हुए।

## जजी परिसर में भारी भीड़ के कारण दोषियों को मुश्किल से ले जाया गया अदालत



**बिजनौर ( चिंगारी )**। प्रबल हत्याकाण्ड में सजा सुनाये जाने के दौरान खचाखच भरी अदालत के साथ जजी परिसर में भी भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये भारी पुलिस बल तैनात था, फिर भी अधिवक्ताओं को न्यायालय में आने-जाने में भारी मशक्कत करनी पड़ी। दोषियों को सजा सुनाये जाने के लिये अदालत ले जाना भी पुलिस के लिये मुश्किल हो गया। भारी मशक्कत के बाद पुलिस दोषियों को अदालत में ले जा पायी। बताते हैं कि इतनी भीड़ जजी परिसर में एक बार तब दिखाई दी थी, जब भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबा महेंद्र सिंह टिकैत को तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर अदालत में पेश होना पड़ा था, तब जजी परिसर के साथ उसके बाहर सड़कों पर भी जाम लग गया था। वरिष्ठ अधिवक्ता तथा जजी में आने-जाने वाले लोग बताते हैं कि उस समय जजी परिसर में कहीं पैर रखने की जगह भी नहीं बची थी, बाबा टिकैत भारी संख्या में लोगों के साथ अदालत पहुंचे थे। कल भी जजी परिसर में इतनी बड़ी संख्या में भीड़ नजर आयी, जब उमस भरी गर्मी के बावजूद लोग एक-दूसरे के साथ कंधे से कंधा सटाये हुये खड़े थे।



## 7 लोग ही नहीं, 7 परिवार सज़ा भुगतेंगे

( खबर पेज 14 पर )

## गुनाहगार ही नहीं परिवारों को भी सजा भुगतनी पड़ेगी

### जोश में होश खोना महंगा पड़ा



**बिजनौर ( चिंगारी )**। जोश में होश गंवाने के बाद लोग ऐसा कृत्य कर बैठते हैं, जिसकी सजा न केवल उन्हें मिलती है, बल्कि उनके बच्चे, माता-पिता और भाई-बहन भी तड़प उठते हैं। प्रबल हत्याकाण्ड में भी ऐसा ही हुआ। अग्रसेन जयंती समारोह में भी गुनाहगार पूरे जोश में थे। जरा सी कहासुनी के बाद कई लोगों ने आपा खो दिया और अकेले प्रबल पर टूट पड़े। युवाओं के साथ बड़ों ने भी जोश में अपने होश गंवा दिये और पीटते-पीटते प्रबल को बेहोश कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। गुनाहगार यहीं नहीं रुके। उन्होंने प्रबल के परिजनों को बिना बताये उसके शव को भी ठिकाने लगा दिया। जोश में होश गंवाने की कीमत गुनाहगारों को इतनी बड़ी चुकानी पड़ेगी, ये उन्होंने सोचा भी नहीं होगा। गुनाह करने की सजा केवल गुनाहगारों को ही नहीं, बल्कि उनके परिवारों को भी झेलनी पड़ेगी, जो सजा सुनाये जाने के वक्त जजी परिसर में बिलख-बिलखकर रो रहे थे। किसी की मां रो-रोकर बेसुध थी, तो किसी की पत्नी और बहन। उनकी गोद में मासूम बच्चों को तो यह भी नहीं पता था कि यह क्या हो रहा है। वे भी बेसुध से होकर अपनी मां को चुप कर रहे थे।

## मेरा भाई भी बनिया था साहब!

**बिजनौर ( चिंगारी )**। प्रबल अग्रवाल की हत्या में दोषी ठहराने पर गुनाहगार रोते हुए खूब गिड़गिड़ाए। एक गुनाहगार ने अपने को निर्दोष बताते हुए अदालत से कहा कि हम तो बनिए हैं साहब, हम ऐसा गुनाह नहीं कर सकते। इस पर अदालत में खड़ी प्रबल की बहन ने भी



तपाक से जवाब देते हुए कहा, मेरा भाई भी तो बनिया था साहब! उसे मारते हुए तुम्हें जरा भी दया नहीं आई। उस समय तुम लोग हैवान कैसे बन गये। मेरे भाई को बेरहमी से पीटकर हत्या कर दी गई और उसका शव भी गंगा में फेंक दिया। यह सुनकर गुनाहगार खामोश हो गया। 29 जुलाई को दोष सिद्ध ठहराए जाने पर दोषी रो रहे थे, लेकिन संजय गुप्ता की आंखों में आंसू नहीं थे। वह सामान्य रूप से अपने अधिवक्ताओं से बात करते हुए हवालात तक गये, लेकिन 31 जुलाई को सजा सुनाए जाने के वक्त उनके चेहरे पर मायूसी थी। आजीवन कारावास की सजा सुनते ही उसके चेहरे पर हवाइयां उड़ गईं। सजा सुनते ही सभी दोषियों की आंखों से आंसू बह निकले और अदालत के बाहर उनके परिजन फफक-फफककर रोने लगे। महिलाएं और बच्चे भी रोते-रोते कह रहे थे ये क्या हो गया।

## न्याय दिखना भी चाहिए! गुनाह पीछा करता है

**बिजनौर ( चिंगारी )**। प्रबल हत्याकाण्ड में दोषियों को सजा सुनाये जाने को लेकर हर आम-ओ-खास में चर्चा थी। सभी उत्सुकता से पूछ रहे थे कि क्या सजा होगी। जजी परिसर में खड़े लोगों के साथ गली-मुहल्लों में भी लोग इस पर चर्चा करते हुए सजा सुनाये जाने का इंतजार कर रहे थे। आजीवन कारावास की सजा सुनाये जाने पर जहां दोषियों के परिजन, रिश्तेदार व शुभचिंतक शोक में डूब गये, वहीं आमजन में चर्चा थी कि देर से ही सही, लेकिन आज प्रबल को इंसाफ मिला है। गुनाहगार कितना भी रसूखदार हो, कानून और अदालत से नहीं बच सकता। लोगों का कहना है कि प्राकृतिक न्याय का एक प्रसिद्ध कानूनी सिद्धांत है कि न्याय होना ही नहीं, दिखना भी चाहिए। अदालत के फैसले से यह बात सिद्ध हो गई। इस मामले में 14 वर्ष बाद न केवल न्याय हुआ, बल्कि आमजन को दिखा भी कि गुनाहगार कितना भी रसूखदार व चालाक हो, गुनाह उसका पीछा नहीं छोड़ता। अंत में उसे अपने गुनाह की सजा मिल ही जाती है।

## 28 पन्नों में आया आदेश, 122 महीना 22 दिन चला केस

**बिजनौर ( चिंगारी )। 14 साल पहले जिले में चर्चित रहे प्रबल अग्रवाल हत्याकांड में सात आरोपियों को सजा सुनाई गई। यह आदेश 28 पन्नों में आया। वहीं तीन साल तक निचली अदालत चलने के बाद अपर अदालत में 122 महीना और 22 दिन सुनवाई हुई और फैसला सुनाया गया। अदालत ने सुप्रीम कोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि विवेचना की खामियों का लाभ दोषियों को नहीं मिल सकता है। प्रबल की हत्या का मामला अपर सत्र न्यायाधीश की कोर्ट में नौ मई 2016 को पहुंचा। इससे पहले इस केस पर निचली अदालत में सुनवाई हो रही थी। इसके बाद अपर सत्र न्यायाधीश की कोर्ट में यह मामला दस साल, दो महीना 22 दिन चला, जिसके बाद शुक्रवार को फैसला आया।**

## दोषियों को 8 लाख का जुर्माना भी भरना होगा

**बिजनौर ( चिंगारी )**। माननीय न्यायालय ने प्रत्येक दोषी पर एक लाख 15 हजार रुपये का अर्थदण्ड भी लगाया गया। धारा 302/149 भा.दं. स. में प्रत्येक दोषसिद्ध को आजीवन कारावास के साथ एक-एक लाख रुपये के दण्ड से दंडित किया गया। धारा 364/149 भा.दं. सं. में प्रत्येक दोषसिद्ध को 7 वर्ष के कारावास व तथा 10-10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। धारा 147 भा.दं.सं. में प्रत्येक दोषसिद्ध को एक वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई, जबकि धारा 201 भा.दं.सं. में प्रत्येक दोषसिद्ध को 3 साल की सजा के साथ 5-5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। अदालत ने दोष सिद्धगण पर लगाये गये अर्थदंड का 90 प्रतिशत क्षतिपूर्ति के तौर पर मृतक प्रबल अग्रवाल की बहन प्राची अग्रवाल को दिये जाने का आदेश भी दिया।

सहायक शासकीय अधिवक्ता प्रमोद शर्मा तथा अजीत पंवार के अनुसार 19 दिसम्बर 2012 को बिजनौर के एक बैंकेट हॉल में अग्रसेन जयंती के कार्यक्रम में प्रबल की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद आरोपी प्रबल के शव को गंगा में फेंक आये थे। 27 दिन बाद 15 जनवरी 2013 को प्रबल का क्षत-विक्षत शव हस्तिनापुर के पास गंगा किनारे से बरामद हुआ था। पुलिस ने इस मामले में 26 जुलाई 2013 में संजय गुप्ता, विनय अग्रवाल, अपूर्व अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, राहुल गुप्ता और आशीष उर्फ आशु के खिलाफ अदालत ने आरोप पत्र दाखिल किया था। अदालत में केस चलने के दौरान 17 गवाह पेश किये गये। गवाह और सबूत के आधार पर माननीय न्यायालय ने सातों आरोपियों को दोषी ठहराने के बाद शुक्रवार को सजा सुनाई।

## तत्कालीन पुलिस अधिकारियों और विवेचकों के विरुद्ध कार्यवाही के आदेश दिए

**बिजनौर ( चिंगारी )। प्रबल हत्याकांड में दोषियों को सजा सुनाने वाली अदालत में इस केस में लापरवाही बरतने वाले विवेचकों तथा तत्कालीन पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय जांच करने, कानूनी कार्यवाही करने और कृत कार्यवाही से अदालत को छह माह के अन्दर अवगत कराने के पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश को आदेश दिए हैं। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि विश्लेषण में यह तथ्य सामने आया कि संबंधित विवेचकों द्वारा विवेचना में गंभीर लापरवाही बरती गई। विवेचकों द्वारा न तो अभियुक्तों के मोबाइल नम्बरों की सीडीआर/लोकेशन ली गई और न ही अग्रसेन जयंती समारोह में हुई वीडियोग्राफी ली गई। संबंधित सीओ द्वारा विवेचकों को आरोप पत्र प्रेषित करने से पूर्व यह निर्देशित नहीं किया गया कि अभियुक्तों के मोबाइल नम्बरों की सीडीआर/लोकेशन ली जाए और न वीडियोग्राफी लेने के लिए कहा गया। ऐसे में विवेचकों, जिस सीओ द्वारा उक्त केस में न्यायालय में आरोप पत्र अग्रसारित किया गया वे तत्कालीन अपर पुलिस अधीक्षक सिटी, तत्कालीन पुलिस अधीक्षक के विरुद्ध विभागीय जांच की जाए व कानूनी कार्यवाही की जाए तथा कृत कार्यवाही से इस न्यायालय को छह माह के अन्दर अवगत कराया जाए।**

# आरक्षण व्यवस्था की समीक्षा को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन



**बिजनौर (चिंगारी)।** वीर सेना के आह्वान पर शुक्रवार को आरक्षण हटाओ आंदोलन के तहत आरक्षण व्यवस्था की समीक्षा, शिक्षा एवं रोजगार में समान अवसर तथा युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री एवं शिक्षामंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी जसजीत कौर को सौंपा गया। वीर सेना (भारत) के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर रसिक चौहान ने कहा कि यह आंदोलन किसी समाज या वर्ग के विरोध में नहीं, बल्कि समान अवसर, समान अधिकार, योग्यता आधारित व्यवस्था, पारदर्शिता और न्यायपूर्ण प्रणाली की मांग को लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से सरकार तक पहुंचाने का प्रयास है। कार्यक्रम में रजत राजपूत (जिला अध्यक्ष), चंचल राजपूत (जिला अध्यक्ष, क्षत्रिय करणी सेना, बिजनौर), शोभा शर्मा, सूरज भारद्वाज, मोहित शर्मा, पराग शर्मा, विभोर कौशिक, राहुल चौहान, मोहित कश्यप, रजत त्यागी, नरेंद्र चौहान, अंशुल आर्य, हिमांशु, अमित राणा, वैभव चौहान, दिवाकर राजपूत, धनिराम राजपूत आदि उपस्थित रहे। वक्ताओं ने विश्वास जताया कि समाज की यह एकजुटता भविष्य में भी समान अधिकार, सामाजिक न्याय, पारदर्शिता एवं राष्ट्रहित से जुड़े मुद्दों पर सकारात्मक भूमिका निभाती रहेगी।

# आर.वी.आई के होनहारों ने प्राप्त की शानदार सफलता



**बिजनौर (चिंगारी)।** आर.वी. इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, बिजनौर के डी.फार्म. प्रथम व द्वितीय वर्ष का परीक्षाफल प्राविधिक शिक्षा परिषद् लखनऊ द्वारा घोषित किया गया। संस्थान के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शानदार सफलता प्राप्त की। घोषित परिणामों में प्रथम वर्ष से मंतशा ने 73.3 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान, मौ. शाद ने 73.1 प्रतिशत अंक पाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। द्वितीय वर्ष से चन्दन यादव ने 84.1 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। आरजू जैनब ने 83.9 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त संस्थान के अन्य सभी छात्र-छात्राओं ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अच्छे अंकों से परीक्षा उत्तीर्ण की। इस अवसर पर संस्थान के प्रबन्धक निदेशक सत्री देशवाल एवं फार्मेसी पाठ्यक्रम के निदेशक डॉ. हितेश कुमार ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# वर्धमान कॉलेज में मनाई गई प्रेमचन्द जयंती

**बिजनौर (चिंगारी)।** वर्धमान कॉलेज, बिजनौर में प्रेमचन्द जयंती के अवसर पर साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रेमचन्द के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. शशिप्रभा ने प्रेमचंद के साहित्यिक अवदान पर प्रकाश डाला। उपन्यास विधा की महत्वपूर्ण कृति गोदान के कथा-विन्यास पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि गोदान उपन्यास पूरे भारत का चित्र प्रस्तुत करता है। इसी क्रम में डॉ. अंजू बंसल ने प्रेमचंद के उपन्यासों और कहानियों के विषय-वैविध्य पर प्रकाश डाला। डॉ. मौ. साबिर ने बचपन में पढ़ी प्रेमचंद की विभिन्न कहानियों का नामोल्लेख किया।



महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर प्रीति खन्ना ने प्रेमचंद के जीवन पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। साथ ही छात्रों को उनकी कहानियों को पढ़ने की सलाह दी। डॉ. ओ.पी. सिंह ने प्रेमचंद के साहित्य में आदर्शवाद और यथार्थवाद के बीच की सहयात्रा पर अपनी बात रखी। इस अवसर पर डॉ. सोनल शुक्ला, डॉ. दुर्गा जैन, डॉ. प्रशांत कुमार, डॉ. शिवानी शर्मा, डॉ. अनूप गुप्ता, डॉ. अंशु चौधरी, करण देशवाल, डॉ. रीना प्रताप सिंह, डॉ. पूजा सिंह आदि उपस्थित रहे। मंच का सफल संचालन आयुष बघेल द्वारा किया गया।

# प्रदेश सचिव बनने पर शीशपाल राठी का स्वागत किया



**चांदपुर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय लोकदल किसान प्रकोष्ठ का प्रदेश सचिव बनाये जाने पर प्रसन्नता जताते हुए श्री शीशपाल राठी का फूलमालाओं से स्वागत सम्मान किया। राष्ट्रीय लोकदल के निवर्तमान प्रदेश महासचिव अशोक चौधरी के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में शीशपाल राठी का उनका स्वागत/सम्मान किया गया। इस अवसर पर अशोक चौधरी ने कहा कि शीशपाल राठी लंबे समय से राष्ट्रीय लोकदल के लिए समर्पित भाव से कार्य करते आ रहे हैं। किसान प्रकोष्ठ में प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी मिलने से संगठन को और मजबूती मिलेगी। शीशपाल राठी ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। स्वागत करने वालों में जिला महासचिव डॉ. विपिन, क्षेत्रीय महासचिव योगेंद्र प्रधान, वरिष्ठ नेता अकरम उस्मानी, अकील अंसारी, शमीम अहमद, मलिक रवि गांधी, अरविंद चौधरी, मोहम्मद रफी, भूदेव सिंह, इकबाल, अरविंद मीरापुर, साईं मातलब, वंश काकरान, राजीव राजपूत, राजवीर सिंह, रामकुमार, डॉ. ब्रजराज सिंह, इंजीनियर अशफाक प्रधान, जगदीश सिंह, जितेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, इरफानुद्दीन, सब्बू डीलर आदि समर्थक मौजूद रहे।

# मोरना में गन्ना सट्टा प्रदर्शन एवं कृषक गोष्ठी का आयोजन

**धामपुर (चिंगारी)।** सहकारी गन्ना विकास समिति धामपुर के खाद गोदाम, मोरना के प्रांगण में ग्राम मोरना, शेख सोलन एवं दरियापुर के कृषकों का सट्टा प्रदर्शन कार्यक्रम एवं कृषक गोष्ठी समिति अध्यक्ष मोहन सिंह उर्फ रामवीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यक्रम में जिला गन्ना अधिकारी बृजेश पटेल, आशीष शर्मा (यूनिट हेड, धामपुर चीनी मिल), संजीव कुमार (ए.बी.पी. केन), अमित पांडे (एस.सी.डी.आई., गन्ना विकास परिषद, धामपुर) तथा विनोद कुमार (सचिव, गन्ना समिति धामपुर) सहित ग्राम मोरना, शेख सोलन एवं दरियापुर के कृषक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर अमित पांडे एवं विनोद कुमार ने गन्ना विभाग द्वारा कृषक हित में संचालित विभिन्न योजनाओं, आधुनिक गन्ना उत्पादन तकनीकों, विभागीय सुविधाओं तथा शासन की कल्याणकारी योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम के उपरांत जिला गन्ना अधिकारी बृजेश पटेल के समक्ष आधुनिक कृषि तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से धामपुर चीनी मिल द्वारा ड्रोन स्प्रे एवं सहकारी गन्ना विकास समिति धामपुर के ट्रैक्टर संचालित स्प्रे मशीन द्वारा गन्ने की फसल पर किए जाने वाले स्प्रे का सजीव प्रदर्शन (डेमो) किया गया। अधिकारियों एवं उपस्थित किसानों ने इस तकनीक को समय, श्रम की बचत के साथ-साथ प्रभावी फसल प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया तथा किसानों को आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।



गोष्ठी में बोलते हुए रामवीर सिंह।

# गोदाम से चुराये डीएपी के बोरों के साथ 6 गिरफ्तार



**कोतवाली देहात (चिंगारी)।** क्षेत्र के गांव रोशनपुर प्रताप स्थित खाद गोदाम से चोरों ने डीएपी खाद के 21 बोरे चोरी कर लिये थे। पुलिस ने चोरी का पर्दाफाश करते हुए 6 लोगों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया। चोरी किया गया खाद भी बरामद किया। थाना क्षेत्र के अन्तर्गत गांव रोशनपुर प्रताप निवासी रामकुमार ने स्थानीय थाने में तहरीर दी थी कि गांव में ही स्थित उसके खाद के गोदाम से अज्ञात चोरों ने बीती रात ताला तोड़कर डीएपी खाद के 21 बोरे चोरी कर लिए। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उपनिरीक्षक रमेश गिरि के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की। पुलिस को सूचना मिली की कुछ लोग ई-रिक्शा में खाद के कट्टे रखकर ले जा रहे हैं तथा बेचने की फिराक में हैं। पुलिस ने बिजनौर मार्ग पर मंडी मंडी समिति के निकट रिक्शा को रोककर पूछताछ की तो रिक्शा में सवार अरबाज पुत्र रशीद, अबरार पुत्र अनवर, रिजवान उर्फ रैंचो पुत्र सलीम, निवासीगण आदमपुर थाना कोतवाली शहर, लकी पुत्र देवेंद्र निवासी झलरा थाना कोतवाली शहर, दीपेंद्र पुत्र रामनाथ सिंह निवासी ग्राम ईसापुर, थाना हल्दौर व दीप कुमार माहेश्वरी जट थाना कोतवाली देहात का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने सभी छह लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया तथा चोरी किए गए खाद की 21 बोरी व एक ई रिक्शा भी बरामद किया है।

# डीएम के आदेश पर युवक के शव को कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा



**नगीना ( चिंगारी )। डीएम के आदेश पर पुलिस/ प्रशासन ने 85 दिन पूर्व दफनाए गए युवक के शव को कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भिजवा दिया है।**

नगीना थाना क्षेत्र के ग्राम बघाला निवासी सलमान ने 20 जुलाई को डीएम बिजनौर को दिये शिकायती पत्र में अपने सगे भाई गुलफाम की हत्या होने का संदेह उसकी पत्नी रोशन पर जताते हुए गुलफाम के शव को कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम कराने का अनुरोध किया था।

पत्र में कहा गया था कि उसका भाई गुलफाम अपनी पत्नी रोशन व बच्चों के साथ जनपद गौतमबुद्धनगर के कस्बा व थाना दादरी में रहता था। बीते सात मई 26 को उसकी वहीं पर घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी और उसी दिन गुलफाम का शव गांव के कब्रिस्तान में दफना दिया गया था। भाई की हत्या करने का अंदेशा उसकी पत्नी पर लगाया गया था। यह भी आरोप है कि शव के दफन के समय उसके परिवार का कोई सदस्य मौजूद नहीं था।

डीएम जसजीत कौर के आदेश के बाद शुक्रवार की दोपहर एसडीएम प्रिंस कुमार के नेतृत्व में नायब तहसीलदार बढ़ापुर श्याम सुंदर तथा थाना अध्यक्ष विकास कुमार तहसील टीम व पुलिस के साथ गांव पहुंचे। ग्रामीणों की मौजूदगी में कब्र को खुदवाकर गुलफाम के शव को निकलवाया तथा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर मोर्चरी भेज दिया। एसडीएम प्रिंस कुमार ने डीएम के आदेश पर कब्र को खुदवाकर गुलफाम के शव को निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेजे जाने की पुष्टि की है।

# गाजियाबाद में हुआ गोल्डन लायन क्लब हल्दौर का सम्मान




**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर की सामाजिक संस्था गोल्डन लायनेस क्लब हल्दौर नवशक्ति के सदस्य गाजियाबाद में आयोजित डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन नीतू जैन के अधिष्ठापन समारोह में शामिल हुए। क्लब द्वारा डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन नीतू जैन को माला पहनाकर और उपहार देकर सम्मानित किया गया। फिर डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन नीतू जैन ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। सभी क्लबस द्वारा बनाए गए स्वर्णिमा लोगो की प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें क्लब हल्दौर नवशक्ति को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह लोगो क्लब की कमेटी चेयरपर्सन सोमाली अग्रवाल के द्वारा बनाया गया था, जिसके लिए सोमाली का सभी ने आभार व्यक्त किया। सभी क्लबों द्वारा 'जियो और जीने दो' थीम के आधार पर बैनर प्रिजेंटेशन किया गया। जिसमें हल्दौर नवशक्ति क्लब ने कान्सलेशन प्राइज जीता। समारोह में 'स्वर्णिमा' नामक पुस्तक का विमोचन हुआ। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्षा कविता चौहान, सचिव रीना रस्तोगी, कोषाध्यक्ष रेखा मारवाड़ी, बबीता मारवाड़ी, ईशा मारवाड़ी, वर्षा मारवाड़ी, कंचन रस्तोगी, सोमाली अग्रवाल, दीपमाला, प्रियंका, निधि मारवाड़ी, स्वाति रस्तोगी, रितु मारवाड़ी उपस्थित रहीं

# तुषार रघुवंशी बने स्योहारा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष

**स्योहारा ( चिंगारी )।** स्योहारा बार एसोसिएशन की एक बैठक जैन पाठशाला स्कूल में सम्पन्न हुई। बैठक में बार के गठन पर चर्चा हुई और एडवोकेट तुषार रघुवंशी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिसके साथ-साथ कार्यकारिणी का गठन करते हुए एडवोकेट संदीप शर्मा को महासचिव, एड. मनोहर यादव को उपाध्यक्ष तथा एड. फरहा नाज को कोषाध्यक्ष एवं एडवोकेट फखरे आलम को संरक्षक बनाया गया। इस दौरान एडवोकेट विनीत कुमार शर्मा, एडवोकेट मो. अहमद, एडवोकेट तेजपाल सिंह, एडवोकेट निमिष जैन, एडवोकेट फईम अहमद, एडवोकेट अचल वर्मा, एडवोकेट फरहा नाज़, एडवोकेट रोहित रस्तोगी, एडवोकेट शालिनी सिसोदिया, एडवोकेट कपिल शर्मा, एडवोकेट गौरव



कुमार, एडवोकेट कासिफ खान, एडवोकेट मनोहर यादव, एडवोकेट उदितराज वर्मा, एडवोकेट निर्मित चौहान, एडवोकेट लव जोशी, एडवोकेट पूजा दिवाकर, एडवोकेट राहुल त्यागी, एडवोकेट कौशल चौहान, एडवोकेट मनोज छाबड़ा, एडवोकेट संदीप शर्मा, एडवोकेट विनय शर्मा, एडवोकेट अंकुर अग्रवाल, एडवोकेट सुशांत मेहरा उपस्थित रहे।

# आरएसएम कॉलेज के तीन विद्यार्थी विश्वविद्यालय की गोल्ड मेडलिस्ट सूची में शामिल

**धामपुर ( चिंगारी )।** आर.एस.एम. (पी.जी.) कॉलेज के तीन विद्यार्थियों का महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली के शैक्षणिक सत्र 2025-26 के गोल्ड मेडलिस्टों की सूची में चयन हुआ है। महाविद्यालय के तीन होनहार विद्यार्थियों ने अपने-अपने पाठ्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी सूची के अनुसार बी.एस.सी. (ऑनर्स) कृषि में महिमा सिंह ने 88 प्रतिशत अंक, एम.एससी. (एग्रोनॉमी) में आकाश कुमार ने 89.5 प्रतिशत अंक तथा एम.एस.सी. (हॉर्टिकल्चर) में रेणु ने 87.9 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। तीनों मेधावी विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि के लिए चार अगस्त को आयोजित होने वाले



महिमा सिंह आकाश कुमार रेणु

विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रश्मि रावल एवं समस्त शिक्षकगण ने हर्ष व्यक्त करते हुए महिमा सिंह, आकाश कुमार एवं रेणु को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। प्राचार्या एवं शिक्षकों ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन के साथ-साथ महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। इन विद्यार्थियों की उपलब्धि महाविद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है। यह जानकारी आर.एस.एम. कॉलेज के मीडिया प्रभारी डॉ.रवि धनकड़ द्वारा प्रदान की गई।

# वन विभाग ने पकड़ी खैर की लकड़ी, पिकअप गाड़ी छोड़कर भाग गये तस्कर

**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** नजीबाबाद डिविजन की साहूवाला रेंज में वन संपदा की तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रही है। तस्कर चार पहिया वाहनों के माध्यम से रेंज को लूटने पर लगे हुए हैं। शुक्रवार को वन विभाग की टीम ने खैर की लकड़ियों से लदी एक पिकअप वाहन को कब्जे में लिया है, जबकि तस्कर मौके से फरार हो गए हैं।

मुखबिर द्वारा साहूवाला रेंज कार्यालय को सूचना दी गई थी कि रेंज में खैर की लकड़ियों से भरी एक पिकअप रामगंगा नदी खादर क्षेत्र से गुजर रही है। सूचना मिलते ही वनकर्मियों ने रेंज की घेराबंदी कर दी। कुछ देर बाद एक पिकअप दिखाई देने पर वन विभाग की टीम द्वारा उसे रोकने का प्रयास किया गया तो वन विभाग की टीम को देखकर तस्कर पिकअप को छोड़कर मौके से फरार हो गये। पिकअप में खैर की लकड़ियां भरी हुई मिलीं। टीम ने पिकअप



वाहन और लकड़ियों को कब्जे में लेकर रेंज कार्यालय पहुंचाया।

गौरतलब है कि साहूवाला रेंज में बीते तीन वर्षों से वन तस्करों का राज चल रहा है। तस्कर चार पहिया वाहनों से वन संपदा को लूट रहे हैं। इसका सबूत यह है कि रेंज कार्यालय पर वन संपदा से लदे करीब एक दर्जन चार पहिया छोटे-बड़े वाहन खड़े हुए हैं। जिन्हें तस्करी के दौरान वन विभाग की टीम द्वारा पकड़ा गया है। वनकर्मियों द्वारा इन वाहनों को पकड़े जाने के बाद भी रेंज में वनों की तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रही है। वन तस्करी के संबंध में रेंजर रामवृक्ष यादव का कहना है कि खैर की लकड़ियों से लदी एक पिकअप को कब्जे में लिया गया है। फरार तस्करों की पहचान की जा रही है। उनके खिलाफ वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

# रेहड़ क्षेत्र में हुई चोरियों का पर्दाफाश

## पकड़े गये दो बदमाश



चोरी के दो आरोपियों को कोर्ट ले जाती रेहड़ पुलिस।

### चोरी हुई कुछ नगदी व जेवरात बरामद

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** गत 23 जुलाई को रेहड़ क्षेत्र के ग्राम भगतावाला की नई कॉलोनी निवासी निजामुद्दीन व शरीफ के घरों से तथा उससे अगले दिन मोहिउद्दीनपुर निवासी बृजेश चौहान के घर से हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए रेहड़ पुलिस ने गुरुवार की रात्रि 8:45 बजे पीलीडैम क्षेत्र स्थित संकरे पुल के पास से दो अभियुक्तों साबिर उर्फ कालिया पुत्र अफसर अली निवासी खय्या खादर थाना भोजपुर, जनपद मुरादाबाद व अनीस उर्फ़ बैल पुत्र अमीर बख्श निवासी तलवार थाना असमोली, जनपद सम्भल को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उन्होंने चोरियों की इन वारदातों में शामिल चार अन्य साथियों भूरा उर्फ इकरार पुत्र वाहिद अली निवासी सिडलऊ नजरपुर थाना भोजपुर, जनपद मुरादाबाद, बरकत पुत्र शमसुद्दीन निवासी सत्तू नंगला थाना मुंडा पांडे, फिरोज पुत्र भूरा निवासी हमीरपुर थाना भोजपुर, जनपद मुरादाबाद व अली वारिश पुत्र सुबराती निवासी नहरुला थाना ऐंचोडा कंबोज, जिला संभल के नाम भी बताए हैं। रेहड़ थाना प्रभारी राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों साबिर व अनीस के पास से दो तमंचे व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल मिली है, जबकि उनकी निशानदेही पर 27900 रुपए व चोरी की गई चांदी की पांच जोड़ी पायल, 10 अंगूठी व एक कुल्हा एवं सोने की चार अंगूठी भी बरामद की गई हैं। थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त साबिर व नफीस ने बच निकलने के प्रयास में पुलिस टीम पर फायरिंग भी की। मुकदमा दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश किया गया है, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### साबिर ने की थी मोहिउद्दीनपुर में फायरिंग

**गिरफ्तार अनीस उर्फ़ बैल ने पूछताछ में बताया कि मोहिउद्दीनपुर में चोरी करने के बाद मोटरसाइकिल द्वारा भागने के दौरान ग्रामीणों द्वारा हमें पकड़ने की कोशिश के शक में बाइक पर पीछे बैठे साबिर ने मेरे कहने पर ग्रामीणों पर फायरिंग की थी। गिरफ्तार अभियुक्तों साबिर व अनीस के खिलाफ रेहड़ सहित अमरोहा, संभल, मुरादाबाद आदि कई जिलों के थानों में लगभग आधा-आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।**

# एजाज उर्फ जग्गू ने तमंचा ताना

## अब पड़ेगा उसे जेल जाना

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** पहले एक किशोर तथा बाद में उसके बचाव में आये युवक के ऊपर तमंचा तानकर गांव में सनसनी फैलाने वाले युवक की पहचान होने पर पीड़ित ने आरोपी तथा उसके अज्ञात साथी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

ज्ञातव्य है कि कल पूर्वाहन सवा 11 बजे नांगल थानांतर्गत ग्राम रायपुर खास उर्फ कोटसराय में जाकर दूसरे गांव के युवक ने मयंक (14 वर्ष) पुत्र मुकेश कश्यप को रास्ते में रोककर उसके ऊपर तमंचा तान दिया था। सामने अपनी बैठक पर बैठे दिवाकर पुत्र पीतम सिंह ने जब इसका विरोध किया, तो आरोपी ने उसके सामने ही तमंचे में कारतूस लोड करके उसके ऊपर भी तमंचा तान दिया। दिवाकर ने साहस दिखाते हुए आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया, तो वह तमंचा दिखाते हुए अपनी बाइक को छोड़कर भागने लगा था। दिवाकर का कहना है कि आरोपी ने भागते हुए तीन बार तमंचा दिखाकर फायर करने का प्रयास किया। इसी बीच नाई की दुकान पर बैठे आरोपी के साथी ने दिवाकर का रास्ता रोक लिया और दोनों दूसरी बाइक पर बैठकर मौके से भागने में सफल हो गये। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। बाद में आरोपी युवक की पहचान एजाज उर्फ जग्गू पुत्र वरीश निवासी ग्राम दहीरपुर थाना नांगल के रूप में हुई थी। हालांकि उसके साथी की पहचान नहीं हो सकी थी। दिवाकर ने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर घटना के सम्बन्ध में पुलिस को तहरीर सौंपी। पुलिस ने आरोपी एजाज तथा उसके अज्ञात साथी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी युवक का आपराधिक इतिहास है। थानाध्यक्ष अन्नू कुमारी ने बताया कि तमंचा दिखाकर दहशत फैलाने वाले आरोपी की तलाश में पुलिस टीम जुटी हुई है। दूसरे आरोपी की भी पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

**फिल्मी स्टाइल में आतंक फैलाने का प्रयास**
**पुलिस कर रही उसको तलाश**

# जौहर इंस्टीट्यूट का बी.एससी का परीक्षा परिणाम घोषित



**किरतपुर ( चिंगारी )।** मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट, किरतपुर (बिजनौर) का बी.एससी. चतुर्थ सेमेस्टर 2025-26 का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, जिसमें ज़ैनब परवीन ने 69.6 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान, अलीशा परवीन ने 64.8 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान और इल्मा ज़बी ने 64.3 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रबन्धक मौहम्मद साइम राजा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मोहित बंसल ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आदर्श नागरिक बनकर देश एवं समाजसेवा करने का आह्वान किया। विज्ञान विभाग की प्रवक्ता रिज़वाना खान, ईरम शाहिद, निशा परवीन और अल्फिया सिद्दीकी ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

# कांवड़ियों की सुरक्षा के मद्देनजर, पुलिस पूरी तरह सतर्क



कांवड़ यात्रा के दौरान भूतपुरी तिराहे पर तैनात पुलिसकर्मी।

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** कांवड़ यात्रा शुरू होते ही पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। कांवड़ियों की सुरक्षा एवं यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए रामगंगा नदी पुल, मनोहरवाली मार्ग, भूतपुरी तिराहा, सुआवाला, शेरगढ़ तिराहा, मोहम्मदपुर राजौरी, अल्हेपुर बॉर्डर और जटपुरा तिराहा सहित कई संवेदनशील स्थानों पर पुलिस पिकेट स्थापित की गई है। इन पिकेटों पर 24 घंटे पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार सिंह एवं थाना प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार स्वयं लगातार कांवड़ मार्गों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। अधिकारियों द्वारा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को कांवड़ियों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने तथा आवश्यकता पड़ने पर हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। शुक्रवार को भी भूतपुरी तिराहा, रामगंगा नदी पुल सहित विभिन्न कांवड़ मार्गों पर पुलिस द्वारा लगातार गश्त और निगरानी की गई। पुलिस प्रशासन का कहना है कि कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

# सेवाकाल के दौरान मुझे सभी का सहयोग मिला - मनोहर

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** शुक्रवार को रामगंगा बांध खंड कालागढ़ में सहायक अभियंता के पद से सेवानिवृत्त हुए मनोहरदत्त जोशी ने अपने सेवाकाल को याद करते हुए परम पिता परमेश्वर, सतगुरु तथा सभी सहयोगियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है मानो विभाग में सेवा की शुरुआत कल ही हुई थी और देखते-देखते सेवानिवृत्ति का दिन भी आ गया। श्री जोशी ने कहा कि पूरे सेवाकाल के दौरान जड़-चेतन समस्त सृष्टि का सहयोग उन्हें हर कदम पर मिलता रहा है, जिसके कारण वर्षों की यह यात्रा भी बहुत छोटी प्रतीत हुई। उन्होंने अपने संदेश में सतगुरु, सत्संग, विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों, सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ, डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ, कॉलोनीवासियों, परिजनों, पड़ोसियों तथा दैनिक जीवन में सहयोग करने वाले रिक्शा चालकों, बस एवं ट्रेन सेवाओं से जुड़े लोगों, दुकानदारों, दूध विक्रेताओं सहित विद्युत, जल, वन, गैस आदि विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जीवन में सबसे बड़ा सौभाग्य सत्संग और सतगुरु का सान्निध्य प्राप्त होना है। सतगुरु के ज्ञान वचनों से उन्हें हर परिस्थिति में प्रसन्नचित रहने की प्रेरणा मिली और जीवन में जीते-जी मुक्ति के आनंद का अनुभव हो रहा है। उन्होंने सभी के प्रेम, स्नेह और सहयोग के लिए धन्यवाद व्यक्त करते हुए कामना की कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में भी ऐसा ही आनंद और आध्यात्मिक सुख प्राप्त हो। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता संजीव झा, नीरज त्यागी, बृजेश कुमार, मेघ सिंह, दिनेश कुमार, पवन शर्मा, पुष्पेंद्र जीत सिंह, मनोज कुमार, धनंजय कुमार लवकांत आदि मौजूद रहे।



मनोहरदत्त जोशी को विदाई देते अधिशासी अभियंता नीरज त्यागी।

# गुलदार ने बच्ची को खेत से उठाकर ले जाने का प्रयास किया

## घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया

**मंडावर ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के गांव बादशाहपुर में शनिवार को गन्ने के खेत से निकले गुलदार ने छह वर्षीय बच्ची पर हमला कर दिया। बच्ची अपने दादा-दादी के साथ खेत पर गई थी। परिजनों के शोर मचाने पर गुलदार बच्ची को छोड़कर भाग गया। घायल बच्ची को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।



मंडावर थाना क्षेत्र के ग्राम बादशाहपुर निवासी बलराम सिंह अपनी पत्नी राजेश देवी के साथ खेत पर चारा काटने गए थे। उनके साथ पुत्र रतेन्द्र कुमार के बच्चे यश (9 वर्ष) और मानवी (6 वर्ष) भी खेत पर खेल रहे थे। इसी दौरान गन्ने के खेत से अचानक निकले गुलदार ने मानवी पर हमला कर उसे उठाकर ले जाने का प्रयास किया। यह देख भाई यश ने जोर-जोर से शोर मचाया। आवाज सुनकर दादा-दादी भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने भी हल्ला मचा दिया। लोगों की आवाज सुनकर गुलदार बच्ची को घायल अवस्था में छोड़कर गन्ने के खेत में भाग गया। परिजन तत्काल बच्ची को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार चल रहा है। घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची।

### बच्चों को खेतों पर न ले जायें - रेंजर

**सूचना पर तुरंत अस्पताल पहुंचे वन क्षेत्राधिकारी महेश गौतम ने बताया कि बच्ची खतरे से बाहर है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि छोटे बच्चों को अकेले या खेतों पर साथ लेकर न जाएं, विशेषकर गन्ने के खेतों के आसपास सतर्क रहें। यदि कहीं गुलदार दिखाई दे तो तत्काल वन विभाग को सूचना दें, ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके।**

# और अब कासमपुर गढ़ी-अफ़ज़लगढ़ आने-जाने का रूट भी डायवर्ट

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** कांवड़ यात्रा के मद्देनजर पुलिस ने अब कासमपुर गढ़ी-अफजलगढ़ आने-जाने के रूट को भी डायवर्ट कर दिया गया है। अब कासमपुर गढ़ी की ओर से अफजलगढ़ जाने वाले यात्री जिकरीवाला से आगे फोरलेन किनारे स्थित मजार के पास से टी पॉइंट से अफजलगढ़ की ओर जाने वाले पुराने रोड पर उतरने की बजाय सीधे फोरलेन पर ही चलते हुए शुगर मिल पहुंचकर वहां से घूमकर अफजलगढ़ आ पाएंगे जबकि अफजलगढ़ से कासमपुर गढ़ी की ओर आने वाले यात्री भी पहले शुगर मिल पहुंचकर वहां से फोरलेन पर चढ़कर फिर फोरलेन से सीधे गढ़ी की ओर पाएंगे। यह जानकारी देते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी अफजलगढ़ आलोक कुमार सिंह ने बताया कि कावड़ यात्रा के मद्देनजर दुर्घटनाओं पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने के उद्देश्य से ऐसा किया गया है। उन्होंने बताया कि धामपुर की ओर से अफजलगढ़ होकर जसपुर की ओर जाने वाले वाहन/यात्री बस अफजलगढ़ स्थित जसपुर तिराहे से सवारी आदि उतारकर या तो भिक्कावाला होकर बादीगढ़ चौराहा पहुंचते हुए जसपुर की ओर जा पाएंगे या फिर अफजलगढ़ स्थित जसपुर तिराहे से सवारी आदि उतारने के उपरांत वहां से पुन: शुगर मिल वापस आकर फिर फोरलेन से कासमपुर गढ़ी की ओर जाते हुए जसपुर की ओर जा सकेंगे। मजार वाले इस कट के बंद कर दिए जाने से लोगों को कई कि.मी. के सफर की लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है।

### धैर्य रखते हुए सहयोग करें लोग : सीओ

**पुलिस क्षेत्राधिकारी अफजलगढ़ आलोक कुमार सिंह ने गढ़ी-अफजलगढ़ के बीच आवागमन में मजार के निकट स्थित टी पॉइंट को बंद कर दिए जाने पर होने वाली परेशानी को लेकर क्षेत्रवासियों से धैर्य रखते हुए कुछ दूर ज्यादा चल लेने की दिक्कत उठाकर सहयोग करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने यह काम आम जनता के हित में ही दुर्घटनाओं को रोकने के मकसद से किया है जिसमें आमजन का सहयोग जरूरी है।**

# रेहड़ थाना प्रभारी को सम्मानित किया

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** हिन्दू सेवा संगठन ने रेहड़ थाना प्रभारी राजीव कुमार वर्मा को पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया और उन्हें अभिनंदन पत्र भी सौंपा। इस अवसर पर संगठन ने थाना प्रभारी राजीव कुमार वर्मा से सनातन धर्म व गौमाता की रक्षा की मांग की। थाना प्रभारी राजीव कुमार वर्मा ने अपने स्वागत एवं सम्मान के लिए हिंदू सेवा संगठन के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें क्षेत्र में कानून का राज बनाए रखने और निष्पक्ष कार्यवाही का यकीन दिलाया। एसएचओ का स्वागत करने वालों में योगी महंत अनिल नाथ, तीरथ सिंह, कन्हैया सिंह, मंजीत सिंह, हिमांशु कुमार आदि संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे।


एसएचओ रेहड़ राजीव कुमार वर्मा को सम्मानित करते हिंदू सेवा संगठन के पदाधिकारी।

# रामा इंस्टीट्यूट का बीए का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत



**किरतपुर ( चिंगारी )।** रामा इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन का बीए का परीक्षाफल एमजेपी रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। अर्फिया अख्तर ने 74 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। रुचि चौधरी ने 71 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा अलीशा खान ने 70 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया। प्राचार्य डॉ. डबलेश कुमार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उपप्राचार्य डॉ. रवीश कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के सतत् मार्गदर्शन का परिणाम है। विभाग अध्यक्ष रुचि शर्मा ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों को पूरे विभाग के लिए गर्व का विषय बताते हुए सभी को शुभकामनाएं दी। अरुण प्रकाश, अरुण कुमार, निखिल भारद्वाज, भानु प्रताप आदि शिक्षकों ने विद्यार्थियों को भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

# रविकांत उर्फ मोनू को न्याय पंचायत अध्यक्ष बनाया



**नूरपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चन्द्रपाल सिंह ने शुक्रवार को संगठन का विस्तार करते हुए क्षेत्र के गांव बाखराबाद खटाई निवासी रविकांत उर्फ मोनू को मोरना न्याय पंचायत अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। चौधरी चन्द्रपाल सिंह ने नवनियुक्त न्याय पंचायत अध्यक्ष से कहा कि संगठन की एकता और मजबूती के लिए मिल-जुलकर काम करें। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चंद्रपाल सिंह, लोकेश कुमार, कोकिल चौधरी, शीशपाल सिंह, समरपाल सिंह, ध्यान सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उत्तराखण्ड के कथाकार विनोद भगत को मिला 'मुंशी प्रेमचंद सम्मान'

**बिजनौर ( चिंगारी )।** हिंदी साहित्य के युगप्रवर्तक कथाकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर मुंशी प्रेमचंद स्मृति समिति द्वारा साहित्यकार डॉ. पंकज भारद्वाज के आवास पर एक गरिमामय साहित्यिक समारोह एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। समारोह में उत्तराखण्ड के काशीपुर से पधारे वरिष्ठ पत्रकार, कथाकार एवं शब्द दूत के संपादक विनोद भगत को साहित्य, पत्रकारिता एवं जनपक्षधर लेखन में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए 'मुंशी प्रेमचंद सम्मान-2026' से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंकज विश्नोई द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ। इसके बाद मुख्य अतिथि विनोद भगत सहित सभी अतिथियों ने कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित किया। समारोह की अध्यक्षता सुरेन्द्र प्रकाश भटनागर ने की, जबकि रितेश भटनागर ने संचालन किया। स्वागत संबोधन में डॉ. पंकज भारद्वाज ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद ने अपनी लेखनी से भारतीय समाज के शोषित, पीड़ित और वंचित वर्ग को स्वर दिया। विचार गोष्ठी में मुकेश गुप्ता, केके पाठक, जीएस भटनागर, गोपाल खन्ना, अरुण गर्ग, हरपाल सिंह तथा पूर्व प्रधानाचार्य सुरेश शर्मा, सुनील कोठारी, सुरेश शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मुंशी प्रेमचंद का साहित्य केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि वर्तमान समाज का भी मार्गदर्शक है। सम्मान ग्रहण करने के बाद विनोद भगत ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायी है। उन्होंने इसे अपनी व्यक्तिगत उपलब्धि न मानते हुए साहित्य और पत्रकारिता से जुड़े उन सभी लोगों का सम्मान बताया, जो सत्य, निष्पक्षता और जनहित के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।

### साहित्यकारों ने प्रेमचंद की प्रासंगिकता पर रखे विचार



# सात लोग ही नहीं, सात परिवार सज़ा भुगतेंगे





बिजनौर ( चिंगारी )। अदालत द्वारा दोषी करार दिये गये सात लोगों के साथ इनके परिवार भी सजा भुगतेंगे। इन परिवारों के लिये जीवन किसी जेल से कम नहीं होगा। अदालत का फैसला सुनकर परिजनों के आंसू बह निकले। बूढ़े मां-बाप, महिलाएं व अन्य परिजन बिलख उठे। एक दूसरे को ढांढस बंधाते नजर आये। परिजनों को देखकर लग रहा था वे दो दिन से सोये नहीं। 29 जुलाई को अदालत द्वारा दोषी करार दिये जाने के साथ ही परिजनों पर तीव्र वज्रपात हुआ था।

बड़ों के साथ मासूम बच्चों को भी अपने पिता के जेल जाने का दुःख उठाना पड़ेगा। अदालत पहुंची महिलाओं की गोद में मौजूद मासूम बच्चों को ये तो नहीं पता था कि क्या हुआ है, लेकिन अपनी मां को रोते हुए देखकर बच्चों की आंखों में मायूसी नजर आ रही थी। एक मां ने बच्चे को बहलाने के लिये उसके हाथ में बिस्कुट दिये, लेकिन बच्चे की रूचि बिस्कुट में नहीं थी। बच्चे की आंखें जो नजारा देख रही थीं, वह शायद उसे समझने की कोशिश कर रहा था। वह नहीं जानता जुर्म, अदालत और जेल क्या होती है।

अदालत का फैसला हमदर्दी या भावनाओं के आधार पर नहीं, बल्कि अपराध की गम्भीरता और गवाहों व साक्ष्यों के अनुसार होता है। चूंकि मामला हत्या का था और अदालत में आरोप सिद्ध हो चुका था, इसलिये दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। उधर, अदालत के फैसले को लेकर परिजनों में रोष नजर आया। उन्होंने अंधा कानून जैसे नारे भी लगाये। हालांकि दोषियों के पास अपर जिला सत्र न्यायाधीश के फैसले के विरूद्ध उच्च न्यायालय में जाने का अवसर है।

## 13 अन्य आरोपियों और उनके परिजनों की भी नींद उड़ी

बिजनौर ( चिंगारी )। अदालत ने प्रबल हत्याकांड में दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। अदालत के फैसले से इन सात लोगों के परिवारों पर तो वज्रपात हुआ ही, उन 13 लोगों और उनके परिजनों की भी नींद उड़ गयी है, जिनके विरूद्ध इस मामले को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दाखिल है। जिस पर चार अगस्त को सुनवाई होनी है। अधिवक्ता अहमद जकावत के अनुसार इस मामले में एफआईआर में पांच लोगों पर हत्या का आरोप लगाया गया था। बाद में कुछ अन्य लोगों के नाम भी प्रार्थना-पत्र के जरिये पुलिस को बताये गये थे। पुलिस ने अपनी विवेचना में उन लोगों के नाम शामिल किये थे, लेकिन बाद में उन्हें निकाल दिया था। पुलिस की ओर से केवल सात लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई थी। धारा 319 के तहत प्राची अग्रवाल की ओर से अदालत में 13 लोगों को तलब करने का प्रार्थना पत्र दिया गया था। स्थानीय अदालत ने उसे खारिज कर दिया था। इसके बाद हाईकोर्ट में याचिका ( रिवीजन ) दाखिल की गई थी। अगर हाईकोर्ट में याचिका स्वीकार कर ली जाती है तो उन 13 आरोपियों के विरूद्ध भी हत्या का मुकदमा चलाया जा सकता है। इसे लेकर आरोपियों द्वारा स्थानीय वकीलों के साथ-साथ हाईकोर्ट के वकीलों से सलाह-मशवरा किया जा रहा है। अब सबकी निगाहें हाईकोर्ट में 4 अगस्त को होने वाली सुनवाई पर लगी हुई हैं।

# एक बहन के धैर्य, हौसले और विश्वास की जीत...

कहते हैं समय हर ज़ख्म भर देता है। लेकिन कुछ ज़ख्म ऐसे होते हैं जो हर सुबह फिर से हरे हो जाते हैं। कुछ चीखें ऐसी होती हैं जो कानों से नहीं, दिल से सुनाई देती हैं। यह कहानी सिर्फ एक हत्या की नहीं... यह कहानी है एक बहन के 14 साल लंबे इंतज़ार की... एक बूढ़े पिता की टूटी हुई उम्मीदों की... एक मां की सूनी आंखों की... और उस न्याय की... जो बहुत देर से आया, लेकिन आखिरकार आया। एक बहन... जिसने अपने जवान भाई को खोने के बाद 14 साल तक हर सुबह उसी दर्द के साथ आंख खोली। हर त्योहार अधूरा रहा... हर राखी सूनी रही... हर जन्मदिन एक घाव बनकर लौटता रहा। एक पिता... जो बेटे को न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ते-लड़ते खुद इस दुनिया से चले गए। उनकी आखिरी तमन्ना सिर्फ इतनी थी... 'मेरे बेटे के हत्यारों को सजा मिलनी चाहिए...' लेकिन वह फैसला सुनने के लिए वह जिंदा नहीं रहे। एक मां... जिसकी आंखें बेटे के इंतजार में पत्थर हो गईं... जिसके आंसू कभी सूखे ही नहीं... और वह भी बेटे के गम को सीने में लिए इस दुनिया से रुखसत हो गई।

## खाकी वर्दी वालों को चेतावनी

एडीजे/एफटीसी-2 के न्यायाधीश शहजाद अली ने मुख्य आरोपी संजय गुप्ता, विनय अग्रवाल, अपूर्व अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, राहुल गुप्ता, आशीष उर्फ आशु, अनुज गुप्ता समेत सभी सात दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही प्रत्येक दोषी पर 1 लाख 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। लेकिन इस फैसले की सबसे बड़ी बात सिर्फ उम्रकैद नहीं थी... अदालत ने यह भी माना कि इस पूरे मामले की जांच में गंभीर लापरवाही हुई इसीलिए तत्कालीन एसपी, सीओ और सभी विवेचकों के खिलाफ कानूनी और विभागीय कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। यह सिर्फ एक आदेश नहीं था... यह उन सभी के लिए चेतावनी थी... जो वर्दी पहनकर अपने कर्तव्य से मुंह मोड़ देते हैं।



फाइल फोटो

## आज लगा कि भगवान है!

जब कैमरे प्रबल की बहन प्राची अग्रवाल के सामने पहुंची... तो वहां खुशी नहीं थी... वहां सिर्फ 14 साल का जमा हुआ दर्द था। आंसुओं से भरी आंखों में उन्होंने कहा... 'भाई तो मेरा चला ही गया... बहुत तड़प-तड़प कर गया। मेरे पापा भी उसकी याद में तड़पते हुए दुनिया छोड़ गए। आज पहली बार लगा कि भगवान हैं... अगर पापा आज जिंदा होते और यह फैसला सुनते... तो उनकी आत्मा को जरूर शांति मिलती।'

प्राची ने बताया... जब पुलिस से उम्मीद खत्म हो गई... जब लगा कि शायद अब कभी न्याय नहीं मिलेगा... तब भी उन्होंने हार नहीं मानी। हर तारीख पर अदालत पहुंचीं... हर बार उम्मीद लेकर गईं... हर बार अगली तारीख लेकर लौटीं... लेकिन हिम्मत नहीं टूटी। पूरी मजबूती और ईमानदारी से यह मुकदमा लड़ा। और आखिरकार... 14 साल बाद... न्याय ने उनके दरवाजे पर दस्तक दी।

फैसला सुनते ही अदालत का माहौल बदल गया। जिन चेहरों पर कभी रसूख और ताकत दिखाई देती थी... आज उन्हीं चेहरों पर डर, मायूसी और पछतावा था। दोषियों की आंखों से आंसू बह रहे थे... उनके परिवार के लोग फूट-फूटकर रो रहे थे... छोटे-छोटे बच्चे अपने पिता और परिजनों को उम्रकैद की सजा मिलने पर बिलख रहे थे। इतना ही नहीं... सजा सुनाए जाने के बाद कुछ दोषियों ने अदालत के फैसले को गलत बताते हुए नारेबाजी भी की। लेकिन उसी अदालत में एक और सवाल गूंज रहा था... या यही दर्द उस दिन महसूस हुआ था.जब प्रबल को बेरहमी से पीट-पीटकर मार डाला गया था?

आज यहां मातम, कल वहां मातम था आज दोषियों के घरों में मातम है... लेकिन... 14 साल पहले... प्रबल के घर में भी ऐसा ही मातम था। फर्क सिर्फ इतना है... उस समय उस परिवार के आंसू पोंछने वाला कोई नहीं था। आज अदालत ने सिर्फ सात लोगों को उम्रकैद नहीं सुनाई... बल्कि यह भी साबित कर दिया... कि न्याय की राह चाहे कितनी भी लंबी क्यों न हो... अगर हिम्मत नहीं हारते... तो एक दिन अदालत की चौखट पर सच की जीत जरूर होती है।

**-नसीम मलिक** (सीनियर जर्नलिस्ट बिजनौर)

## न्याय की लौ बुझती नहीं

**प्रबल कभी वापस नहीं आएगा... मां-बाप भी इस फैसले को देखने के लिए इस दुनिया में नहीं रहे... लेकिन शायद... आज कहीं आसमान में... एक पिता... एक मां... अपने बेटे के लिए मिला न्याय देखकर... सुकून की सांस जरूर ले रहे होंगे। क्योंकि अपराध कितना भी पुराना क्यों न हो... सत्ता, पैसा, रसूख या प्रभाव कितना भी बड़ा क्यों न हो... कानून की चौखट पर देर हो सकती है... लेकिन न्याय की लौ बुझती नहीं।**

# संत रविदास की जन्म स्थली की पावन माटी से भरा कलश पहुंचा कोटद्वार

## ऋतु खंडूडी ने किया स्वागत

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भाजपा की ओर से संत शिरोमणि गुरू रविदास महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों के अंतर्गत गुरू रविदास की जन्म स्थली सीर गोवर्धन वाराणसी की पावन मिट्टी से भरा पवित्र कलश यात्रा कोटद्वार पहुंचा। इस अवसर पर प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष ने कौड़ियां चेक पोस्ट पर पहुंचकर कलश यात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज ने अपने जीवन के माध्यम से समाज को समानता, सेवा, सद्भाव और मानवता का अमूल्य संदेश दिया। उनके विचार आज भी समाज को एकजुट करने तथा सामाजिक समरसता को सशक्त बनाने की प्रेरणा देते हैं। कहा कि समरसता संकल्प अभियान केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में आपसी भाईचारा, समानता और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। संत रविदास जी के सेवा, समर्पण एवं सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का यह अभियान राष्ट्र निर्माण को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राज गौरव नौटियाल, महापौर शैलेन्द्र रावत, मण्डल अध्यक्ष विकासदीप मित्तल, सुरेंद्र आर्य, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष शांता बमराड़ा, मण्डल अध्यक्ष कमल सैनी और लक्ष्मी रावत सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।



गुरू रविदास महाराज की जयंती कार्यक्रमों के उपलक्ष्य में पवित्र कलश के कोटद्वार पहुंचने पर प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष ने कलश यात्रा में किया प्रतिभाग।

# सरस्वती विद्या मंदिर में विज्ञान सप्ताह का शुभारंभ

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जानकीनगर स्थित रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में महान भारतीय वैज्ञानिक डॉ. प्रफुल्ल चंद्र रॉय की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित विज्ञान सप्ताह का शुभारंभ हो गया है। सप्ताह के प्रथम दिवस का आरंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती व शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य महेंद्र गौड़ ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं को आचार्य डॉ. प्रफुल्ल चंद्र रॉय के जीवन, वैज्ञानिक योगदान एवं राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान की जानकारी दी गई। इसके बाद आयोजित वैज्ञानिक उपकरणों पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में सरस, हर्षित, अनुष्का, दिव्या और आरुषि, सब जूनियर वर्ग में रेयांश, दिव्यांशु, अक्षत, प्रियांशु और अभिमन्यु एवं सीनियर वर्ग में गुंजन, तन्नू, नैतिक, अनुराग व आयुषी के समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर विद्यालय के मीडिया प्रभारी आचार्य रोहित बलोदी सहित राकेश चमोली, शिवराम बड़ोला, मोहन सिंह, सुबोध ध्यानी, मधुबाला नौटियाल और साक्षी अग्रवाल सहित विद्यालय के अन्य आचार्यगण उपस्थित रहे।

# विद्युत विभाग नहीं करा रहा कनेक्शन उपलब्ध, विधायक से की शिकायत

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** विधानसभा अंतर्गत गढ़ी श्यामपुर 52 बीघा क्षेत्र से जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों ने विद्युत विभाग द्वारा बिजली कनेक्शन उपलब्ध न कराए जाने की समस्या को लेकर ऋषिकेश विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल से उनके ऋषिकेश स्थित कैंप कार्यालय में मुलाकात की। क्षेत्रवासियों ने अपनी समस्याओं को विस्तार से रखा। डॉ.अग्रवाल ने सभी की बातों को गंभीरता एवं ध्यानपूर्वक सुना और समस्या के त्वरित समाधान हेतु विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता शक्ति सिंह से दूरभाष पर वार्ता की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र के पात्र निवासियों को शीघ्र विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएं, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। डॉ. अग्रवाल ने आश्वस्त किया कि जनसमस्याओं का त्वरित समाधान उनकी प्राथमिकता है और क्षेत्र के विकास एवं मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं। इस अवसर पर ग्राम प्रधान बॉबी रांगड़, उपप्रधान शुभांकित रावत, शिल्पा त्यागी, मनोज राणा, रघुवीर सिंह, पवन जुयाल, हरपाल रांगड़, दीपक सोनी, सुजीत नेगी, विजय लक्ष्मी नेगी, वीरेंद्र राणा, आदित्य सैनी, रचना पंवार, मंशा राम राणा, हरपाल सिंह, वीरेंद्र पंवार आदि उपस्थित थे।

# 'नशामुक्त उत्तराखण्ड चाहिये' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच की ओर से आर्य समाज के सभागार में नशा ही नहीं संस्कार भी चाहिए, नशामुक्त उत्तराखंड चाहिए, विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सात विद्यालयों के सोलह छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता का आरंभ एमकेवीएन एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक प्रकाश कोठारी व मंच अध्यक्ष प्रवेश नवानी ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में प्रकाश कोठारी ने कहा कि वर्तमान में नशे की लत एक सामाजिक बुराई बनकर उभर रही है, जिसको समाप्त करने के लिए सभी को प्रयास करने होंगे। वर्तमान में युवा पीढ़ी नशे की लत की गिरफ्त में आकर अपना भविष्य बर्बाद कर रही है, इस कारण अभिभावकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने भी नशे की लत को सामाजिक बुराई बताते हुए इस पर रोक लगाने के लिए सामूहिक रूप से प्रयास करने का आह्वान किया। भाषण प्रतियोगिता में एमकेवीएन स्कूल की छात्रा समीक्षा ने पहला, इसी स्कूल की छात्रा अंशिका ने दूसरा, एसबीएम स्कूल की छात्रा लाइबा ने तीसरा, एमएसके विद्या मंदिर इंटर कालेज की छात्रा जिया बहुखंडी ने चौथा और आर्य कन्या इंटर कालेज की छात्रा नाहिदा ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर शिव प्रकाश कुकरेती, सीपी नैथानी, राकेश मोहन सुन्द्रियाल, रमाकांत कुकरेती, जेपी ध्यानी और डॉ. सुरेंद्र लाल आर्य सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सत्यप्रकाश थपलियाल की स्मृति में कार्यक्रम कल

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** शिक्षा के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले शिक्षाविद स्व. सत्यप्रकाश थपलियाल की स्मृति में दो अगस्त को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। बालासौड़ रोड स्थित एक बारातघर के सभागार में होने वाली सभा का आयोजन उत्तराखंड लोक साहित्यिक एवं सांस्कृतिक मंच की ओर से किया जाएगा। यह जानकारी मंच की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई।

# पार्षदों ने विधायक को वार्डों की समस्याओं से अवगत कराया



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** नगर निगम ऋषिकेश के लगभग 25 पार्षदों ने ऋषिकेश विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल से उनके ऋषिकेश स्थित कैंप कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों की विभिन्न समस्याओं एवं जनहित से जुड़े मुद्दों से अवगत कराया। डॉ.अग्रवाल ने सभी पार्षदों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके शीघ्र समाधान का भरोसा दिया कि वह क्षेत्र के विकास एवं जनसुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए वे निरंतर प्रतिबद्ध हैं । प्रत्येक वार्ड की आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। पार्षदों ने अपनी समस्याओं के समाधान के प्रति आश्वस्त होने पर डॉ. अग्रवाल का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें गुलदस्ता भेंट कर धन्यवाद दिया। इस अवसर पर पार्षद वीरेंद्र रमोला, आशु डंग, अजय दास, राजेश कोठियाल, सोनू प्रभाकर, विनोद नाथ, हर्षवर्धन रावत पिंटू, दिनेश रावत, राजेश दिवाकर, मुस्कान, सिमरन उप्पल, माधवी गुप्ता, संध्या बिष्ट, पायल बिष्ट, रेहा ध्यानी, ज्योति पासवान, सुनीता भारद्वाज, पार्षद प्रतिनिधि किशन मंडल, नवीन नौटियाल, सुजीत यादव आदि उपस्थित थे।

# डू समथिंग सोसाइटी चला रही नशा विरोधी अभियान

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** डू समथिंग सोसाइटी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संस्था के ध्येय वाक्य शिक्षा ही नहीं संस्कार भी चाहिए, नशामुक्त भारतवर्ष चाहिए, को देश के समस्त शिक्षण संस्थानों में पहुंचाने के लिए सहयोग करने की मांग की है।

इस संबंध में अध्यक्ष मयंक प्रकाश कोठारी की ओर से प्रधानमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि सोसाइटी नशे के प्रति अभियान चलाने के लिए केंद्र सरकार की प्रशंसा करती है। कहा कि वर्तमान में युवा वर्ग, विशेषकर शिक्षण संथानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं में नशे की लत लगातार बढ़ रही है। इस नशे की लत को पूरी करने के लिए वे अपने ही घर में चोरी करने से नहीं हिचक रहे हैं। वहीं दूसरी ओर सोसाइटी भी विद्यार्थी व युवा वर्ग को नशे की लत से छुड़ाने के लिए कार्यक्रम लगातार आयोजित कर रही है। वर्तमान में संस्था अपने ध्येय वाक्य शिक्षा ही नहीं संस्कार भी चाहिए, नशामुक्त भारतवर्ष चाहिए पर लगातार कार्य कर रही है और संस्था के इस ध्येय वाक्य को शिक्षण संस्थानों में पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री से सहयोग की आकांक्षी है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# टेबल फैन में आ रहे करंट की चपेट में आकर महिला की मौत



**शेरकोट (चिंगारी)।** क्षेत्र के ग्राम मुबारकपुर निवासी रीता रानी (28 वर्ष) पत्नी अतुल कुमार प्रजापति शुक्रवार को अपने घर में अकेली थी, छह माह का दुधमुंहा पुत्र उसके पास था। आशंका जताई जा रही है कि रीता ने बच्चे को सुलाने के लिए कमरे में रखा टेबल फैन अपनी ओर को घुमाया होगा तो वह फैन में आ रहे करंट की चपेट में आ गई। बताया जाता है कि जिस समय यह हादसा हुआ उस समय सास सर्वेश व ससुर जागन सिंह जंगल पशुओं के लिए चारा लेने और बच्चे स्कूल गए हुए थे। दोपहर में जंगल से सास-ससुर जब घर पहुंचे तो बच्चा रो रहा था। उनके द्वारा रीता को आवाज दिये जाने पर कोई उत्तर नहीं मिला, कमरे में जाकर देखने पर रीता अचेत अवस्था में जमीन पर पड़ी मिली। यह देखकर सास-ससुर के पैरों तले से जमीन खिसक गई। शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। रीता को तत्काल उपचार हेतु धामपुर प्राइवेट अस्पताल में ले जाया गया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि अतुल कुमार दूसरे राज्य की किसी फैक्ट्री में वैल्डिंग का काम करता है। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। समाचार लिखे जाने तक रीता का शव घर पर था और रिश्तेदार और ग्रामीण जमा थे। परिजनों के मुताबिक दोपहर तक अतुल के घर पहुंचने पर रीता का अंतिम संस्कार किया जाएगा। सब इंस्पेक्टर हिरेंद्र कुमार ने बताया कि परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया है।

## मासूम बच्चों के सिर से मां का साया उठा

मृतका रीता के पांच बच्चे हैं, जिनमें चार बड़ी पुत्रियां और एक सबसे छोटा छह माह का दुधमुहा पुत्र है। बड़ी पुत्री की आयु आठ वर्ष बताई जाती है। अचानक हुए इस हृदय विदारक हादसे में रीता के असमय काल का गाल में समा जाने से पांच बच्चों के सिर से मां का साया छिन गया है। घटना के बाद से छोटे-छोटे बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।





धमाका धमाका धमाका

पुरानी के बदले नयी केवल आधे पैसों में

कोई भी कान की पुरानी मशीन
कमर की कोई भी पुरानी बैल्ट
(दर्द के लिए या ऑप्रेशन के बाद)
कोई भी Knee Cap
(घुटनों पर चढ़ाने वाली पट्टी)

**कोई भी शुगर चैक करने की पुरानी मशीन लायें और नई ले जायें**

हमारें यहाँ बड़े व्यक्तियों के लिए डायपर (Adult Diapper) लेटरिन कुर्सी, स्टूल व पोट, यूरिन पोट, व्हील चेयर, बैसाखी, वॉकर, सिकाई करने वाली बोतल, गरम पट्टी (Crape Bandage), Knee Cap, बेल्ट कमर दर्द के लिए, कॉलर, गले के लिए, Dextrose की बोतल, ऑप्रेशन के बाद बंधने वाली बेल्ट, हरनिया बेल्ट, Anti Dandruff Shampoo, Hand Sanitizer, हाथ धोने के लिए (Cotton, Bandage, Glycerin), मरीजों के लिए (Air Bed, Water Bed) आदि सभी सर्जिकल सामान थोक के उचित मूल्यों पर मिलते है। **पुरानी मशीन की रिपेयर भी होती है।**

**गोयल मेडिकल स्टोर**
नवयुग मार्केट, निकट रोहित होटल, बिजनौर
फोन - 9411012482, 8273387326
**नौकरी के लिये युवक-युवतियां सम्पर्क करें।**

**MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL**
NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR
URGENTLY REQUIRED
PRT (ALL SUBJECTS)
ENGLISH CONVERSATION
URDU & SANSKRIT
Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred
Email : extrakotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number
Phone No:-9412201377

**आवश्यकता है**
हल्दौर स्थित गारमेंट फैक्ट्री के लिए कुशल लेयर कटिंग मास्टर एंव कुशल महिला ऑफिस असिस्टेंट की आवश्यकता है। संपर्क करें- 9319823965, 8191819148

खुल गया! खुल गया!
**श्री लाइट**
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans, Havells Fans Orient Fans
**सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज**
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

